दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






● नई दिल्ली। सोमवार 21 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 121 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3





# एक परिवार, 10 उम्मीदवार और 9 गए हार, ठाकुरद्वारा टैंपल एसोसिएशन चुनाव में ज्ञानप्रकाश गोयल का पूरा पैनल जीता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ठाकुरद्वारा टैंपल एसोसिएशन का चुनाव रविवार को मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। यहां चुनाव 9 पदों के लिये हुए और इसमें दो पैनल आमने सामने थे। पहला पैनल ज्ञानप्रकाश गोयल का था और दूसरा पैनल दीपक गुप्ता का था। चुनाव का रौचक पहलू ये बताया जाता थ कि एक पैनल से 10 उम्मीद थे और ये सभी उम्मीदवार आपस में एक-दूसरे के रिश्तेदार हैं, लेकिन जब मतगणना हुई तो पता चला कि इनमें से 9 उम्मीदवार चुनाव हार गए और केवल एक उम्मीदवार जीता और वो भी तकनीकी पेंच के चलते जीत हासिल हुई। क्योंकि इस उम्मीदवार ने दोनों पैनल से पर्चा भर दिया और अंत समय में एक पैनल से अपना नाम वापस ले लिया। ऐसे में उसका चयन निर्विरोध हो गया। ठाकुरद्वारा के इस चुनाव में ज्ञानप्रकाश गोयल अध्यक्ष पद के लिये 71 वोट से चुनाव जीते। यहां मंत्री पद के लिये दिनेश गोयल 75 वोट से चुनाव जीते। उपाध्यक्ष पद के लिये उपेंद्र गोयल 66 वोट से चुनाव जीते।

कोषाध्यक्ष पद के लिये अश्विनी मित्तल 70 वोट से चुनाव जीते। कार्यकारियणी सदस्य के लिये आशु मित्तल 64 और आशीष गोयल 71 वोट से चुनाव जीते। इसके अलावा यहां विभोर गोयल विक्की, मोहित गुप्ता और शिवांक गर्ग भी कार्यकारिणी सदस्य रहे।



## एमएलसी दिनेश गोयल भी पहुंचे वोट डालने के लिये

**करंट क्राइम।** ठाकुरद्वारा टैंपल एसोसिएशन के इस चुनाव में कुल 142 मतदाताओं को मतदान करना था। यहां 131 मतदाताओं ने अपने मतअधिकार का प्रयोग किया। एमएलसी दिनेश गोयल भी इस समिति के सदस्य हैं और वह भी वोट डालने के लिये पहुंचे। सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने भी वोट डाला। कमेटी के पूर्व महामंत्री मनोज गोयल बंटी, योगेंद्र सिंघल ने वोट डाला।

## स्वास्थ्य खराब लेकिन फिर भी पहुंचे वोट डालने

**करंट क्राइम।** ठाकुरद्वारा टैंपल एसोसिएशन के दो सदस्य ऐसे भी थे जिनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था, लेकिन वो फिर भी वोट डालने के लिये पहुंचे। नरेश गर्ग इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं और वो अस्वस्थ होने के बावजूद ठाकुरद्वारा मंदिर में पहुंचे और मतदान किया। इसी तरह प्रदीप गर्ग का भी कुछ दिन पहले हृदय का ऑपरेशन हुआ है, वो भी रविवार को मतदान करने के लिये पहुंचे।

## दीपक गुप्ता पैनल से ये रहे उम्मीदवार

**करंट क्राइम।** दीपक गुप्ता पैनल से अध्यक्ष पद के लिये दीपक गुप्ता, इसके अलावा रमेश गोयल लोहे वाले, आलोक गर्ग, अनुराग, अतुल गर्ग, अंशु, अनुपम भी चुनावी मैदान में थे।

# गाजियाबाद के प्रबुद्ध लोगों को भाया कमिश्नर की सोशल पुलिसिंग वाला अंदाज

## बहुत दिनों बाद हुआ ऐसा, जब पुलिस वालों ने सुनी प्रबुद्ध चेहरों के मन की बात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने आने के बाद सोशल पुलिसिंग को बढ़ाने पर जोर दिया है। बीते कुछ दिनों में ही पुलिस के अलग-अलग फेस नजर आने लगे हैं। खुद पुलिस कमिश्नर थानों के निरीक्षण पर पहुंच रहे हैं। तो अपराधियों से मुलाकात कर बात भी कर रहे हैं। तो वहीं सोशल पुलिसिंग को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों में दोपहर बाद जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, विपक्षी पर्टियों के नेताओं, प्रमुख व्यापारी नेताओं, आरडब्ल्यूए के सदस्यों से लेकर संभ्रात लोगों के साथ बैठक की गई है। इस बैठक का मकसद पुलिस और इन लोगों के बीच आने वाली दूरियों को कम करना रहा। साथ ही अपराध नियंत्रण से लेकर ट्रैफिक, पुलिस वेरिफिकेशन से लेकर गालियों व मौहल्लों में होने वाले देर रात तक के आयोजनों और आसपास रहने वाले गलत लोगों की जानकारी पुलिस तक पहुंचा रहा।

घंटाघर कोतवाली, कवि नगर, नंदग्राम थाना, वेव सिटी, क्रॉसिंग रिपब्लिक से लेकर लिंक रोड साहिबाबाद, मुरादनगर और मोदीनगर में भी इस तरीके की बैठकें आयोजित की गई हैं। वहीं बीते दिनों पुलिस कमिश्नर ने सभी थाना प्रभारियों को इस प्रकार के आयोजन करने का निर्देश दिया था, जो रविवार से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में शुरू हो गया है।

## कमिश्नरेट के सभी थानों में प्रमुख नेताओं, व्यापारियों, आरडब्ल्यूए सदस्यों, पार्षदों और विपक्ष के नेताओं को किया गया आमंत्रित

### पुलिस ने किया संवाद और कराया जलपान



**करंट क्राइम :** रविवार को आयोजित जनप्रतिनिधियों से लेकर स्थानीय पार्षदों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों से लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को बैठक में बुलाने का मकसद संवाद को बढ़ाना रहा। वहीं पुलिस तक सूचनाओं के पहुंचने का बेहतर प्लेटफार्म तैयार करना भी रहा। दरअसल कई बार संवाद ना होने की वजह और दूरियों के चलते पुलिस और इन लोगों के बीच निरंतर संवाद नहीं होता, जिस वजह से परेशानियां बढ़ जाती हैं। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि पुलिस के अधिकारियों द्वारा पहुंचने वाले सभी प्रबुद्ध और प्रमुख लोगों को जलपान भी कराया गया है। तो कहीं ढोकला परोसा गया, तो कहीं रसगुल्ला के साथ समोसा। तो कहीं चाय तो कहीं पानी की बोतल से पुलिसिंग और रिश्तो को मजबूत बनाने का काम हुआ।



### प्रबुद्ध लोगों को पसंद आ रही है नए कमिश्नर की सोशल पुलिसिंग

**करंट क्राइम :** रविवार से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर शुरू हुई सोशल पुलिसिंग समाज के अलग-अलग वर्ग के लोगों को पसंद आ रही है। रविवार को अलग-अलग थानों में हुई इस बैठक के दौरान जहां पक्ष और विपक्ष के नेता नजर आए। तो वहीं स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी की भी राय ली गई है।

### सकारात्मक है सोच, बेहतर आएगा परिणाम : वेद प्रकाश गर्ग



**करंट क्राइम :** घंटाघर कोतवाली में पहुंचे भाजपा नेता और व्यापारी वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों का कहना है वह पहली बार घंटाघर कोतवाली में किसी बैठक में शामिल हुए हैं। बैठक में पुलिस द्वारा जिस प्रकार से गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया यह एक अच्छी पहल है। साथ ही थाना प्रभारी और एसीपी द्वारा जिस तरीके से संवाद किया गया, उससे प्रतीत हो रहा है कि आने वाले समय में इसके बेहतर परिणाम आएंगे और यह एक सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है।

### पहल है बेहतरीन, पर जारी रहना चाहिए यह अभियान : फैसल हुसैन



**करंट क्राइम :** वेव सिटी थाने में इस बैठक में पहुंचे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन का कहना है कि यह शासन प्रशासन का जनप्रतिनिधियों और पक्ष-विपक्ष के नेताओं को आमंत्रित करने का अच्छा प्रयास है। पुलिस कमिश्नर की यह पहल बेहतरीन है। बस इसे जारी रखा जाना चाहिए और इस अभियान में सभी लोगों को साथ लेकर चलना चाहिए। उनकी बातें सुनी जाए और उनके सकारात्मक परिणाम भी आए।

### व्यापार मंडल और व्यापारियों को बुलाना भी है सराहनीय पहल : संजीव मित्तल



**करंट क्राइम :** घंटाघर कोतवाली में आयोजित बैठक में व्यापारी नेता संजीव मित्तल को बुलाया गया। उनके साथ कई अन्य व्यापार मंडल के प्रभारी थे। उन्होंने कहा है कि पुलिस द्वारा जानकारी दी गई है कि जल्द ही प्रत्येक बाजार में बीट व्यवस्था करते हुए सिपाहियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। वहीं 10 साल वाले अपराधियों का पूरा रिकॉर्ड तैयार होगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान व्यापारियों से जाम ना लगे और अपराध नियंत्रण किया जा सके, इस पर भी सुझाव लिए गए हैं। नए पुलिस कमिश्नर की यह पहल सराहनीय है।

### जल्द प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ भी होगा पुलिस कमिश्नर का संवाद

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से कमिश्नरेट के सभी थानों में पार्षदों से लेकर व्यापार मंडल वाले रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी से लेकर प्रमुख व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। तो आने वाले दिनों में खुद पुलिस कमिश्नर भी शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कायम कर सकते हैं। वैसे इसे एक रूटीन प्रक्रिया बताया जा रहा है लेकिन लंबे समय से गाजियाबाद में जनप्रतिनिधियों और खाकी वाले अधिकारियों के बीच दूरियां थी, जिस तरीके का यह है अभियान शुरू किया गया है, उसके बेहतर परिणाम आने का इशारा किया जा रहा है।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने किया घंटाघर कोतवाली और साइबर क्राइम थाने का निरीक्षण

## आगंतुको और शिकायतकर्ताओं के साथ मधुर व्यवहार करने का दिया निर्देश, शिकायतों पर हो त्वरित कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नर बदले हैं। तो पुलिस व्यवस्था में भी सुधार और असर दिखाई देने लगा है। रविवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने सबसे पहले नगर कोतवाली घंटाघर का निरीक्षण किया। इसके बाद वह साइबर क्राइम थाने गए और फिर उन्होंने घंटाघर कोतवाली परिसर में बने घंटाघर फायर स्टेशन का भी भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने तीनों ही प्रभारियों को यहां आने वाले आगंतुकों और शिकायतकर्ताओं के साथ मधुर व्यवहार करने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं फायर स्टेशन कोतवाली के प्रभारी से उपकरणों और अन्य अग्नि हादसों को लेकर बातचीत की है। पुलिस कमिश्नर इससे पहले मधुबन बापूधाम थाने का भी निरीक्षण कर चुके हैं। तो वहीं आने वाले दिनों में कई और थानों के साथ ही अन्य अधिकारियों के कार्यालय का निरीक्षण करने का प्लान बताया जा रहा है।






### साइबर के मामलों में तेजी से कार्रवाई करे पुलिस

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद साइबर थाने का भ्रमण करते हुए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने वहां के प्रभारी संतोष तिवारी को और अन्य टीम को निर्देशित किया है कि साइबर फ्रॉड के मामलों में गहनता से जांच हो। साइबर अपराधियों पर नकेल कसी जाए और जिन लोगों का पैसा जाता है उनको अधिकतम मदद करने का प्रयास हो।

### शिकायतों पर त्वरित हो कार्रवाई और जनता ना हो परेशान

**करंट क्राइम :** पुलिस आयुक्त गाजियाबाद द्वारा घंटाघर कोतवाली, साइबर थाना और अग्निशमन केंद्र कोतवाली का निरीक्षण करते हुए यहां के प्रभारियों को निर्देश दिया है कि सभी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए और जनता को परेशान ना किया जाए। उन्होंने कहा है कि आने वाले फरियादियों के साथ पुलिस के स्टाफ द्वारा भी शालीनता से बात की जाए और बेवजह चक्कर न लगाया जाएं। इसके साथ ही थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि जिन मामलों में किसी प्रकार का झोल या संदिग्धता नजर आए ऐसे मामलों की जांच भी अवश्य कराई जाए।

# जब पुलिस ने अपराधियों को दिलाई अपराध नहीं करने की शपथ

- कहा गया पुलिस तक सूचना पहुंचाने में करें मदद
- कमिश्नरेट के सभी थानों में लगी अपराधियों की उपस्थिति



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस महकमे में अधिकारी बदलते हैं, तो अधीनस्थों के वर्किंग स्टाइल और प्राथमिकताओं में भी बदलाव देखने को मिलता है। बीते दिनों गाजियाबाद में आए नए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने गाजियाबाद का चार्ज संभाला और चार्ज संभालने के बाद वह लगातार पुलिस व्यवस्था सुधारने के साथ ही पुलिस की अन्य व्यवस्थाओं और कार्यशैली को बदलने में लग गए हैं। पहले जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों से थाने और कार्यालय में आने वाले फरियादियों से बेहतर व्यवहार करने का निर्देश दिया। तो फिर सभी थानों में मुकदमा दर्ज होने के बाद उसकी कॉपी वदियों के घर तक पहुंचाने का सिस्टम शुरू किया है। तो वहीं रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लोनी से लेकर मसूरी, घंटाघर कोतवाली से लेकर लिंक रोड थाना, खोड़ा से लेकर वेव सिटी और मुरादनगर से लेकर मधुबन बापूधाम थाना और इंदिरापुरम से लेकर साहिबाबाद, शालीमार गार्डन, टीलामोड़, लोनी बॉर्डर, अुंकर विहार, लोनी, कौशांबी, सिहानी गेट और विजयनगर थाने में अलग-अलग अपराधों में शामिल अपराधियों की एक मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में पहुंचने वाले सभी अलग-अलग प्रकार के अपराधियों को पुलिस के अधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा शपथ दिलाई गई है कि वह भविष्य में दोबारा अपराध नहीं करेंगे। साथ ही उनके इलाके में होने वाली आपराधिक घटनाओं और गतिविधियों की वह पुलिस को सूचना भी देने का काम करेंगे। इस मौके पर घंटाघर कोतवाली में खुद पुलिस कमिश्नर, डीसीपी सिटी व एसीपी ने बातचीत करते हुए कई आवश्यक सुझाव भी दिए हैं।



### गोकशी करने वालों से लेकर मादक पदार्थ तस्करों को पढ़ाया सुधार वाला पाठ



**करंट क्राइम :** रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी से लेकर देहात और नदिया पार से लेकर लाइन पार तक के थानों में हिस्ट्री शीटर अपराधियों से लेकर डकैती, चोरी, वाहन चोरी, गैंग बनाकर अपराध करने वाले आरोपियों से लेकर गोकशी, मादक पदार्थों की तस्करी और शांति व्यवस्था भंग करने से लेकर गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों को पुलिस द्वारा सुधारने और भविष्य में अपराध ना करने का पाठ पढ़ाया गया है। आईपीएस अधिकारी और डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने कहा है कि पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर सभी थानों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो अपराधी इस बार नहीं आ पाए, उन्होंने अगले रविवार को आमंत्रित किया गया है। साथ ही उनसे शपथ दिलवाई गई है कि वह भविष्य में किसी प्रकार का अपराध न करें। इससे उनका पूरा प्रोफाइल और रिकार्ड तैयार किया जा रहा है कि उनकी वर्तमान स्थिति क्या है। इस तरह के कार्यक्रम का मकसद अपराध नियंत्रण और अपराधियों पर नजर रखना है।

### कहीं लगी हाजिरी, तो कहीं हाथ में पंपलेट लेकर पहुंचे अपराधी



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर के निर्देश का असर रविवार को कमिश्नरेट के सभी थानों में देखने को मिला जहां अलग-अलग अपराध में शामिल लोगों ने थानों में दस्तक दी, तो अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। तो वही पुलिस ने भी उनके मौजूदा पते, फोन नंबर और क्या कर रहे हैं, इसको नोट करने का काम किया है। साथ ही थाना प्रभारी ने सभी को आदेश दिया है कि वह दोबारा से किसी अपराध में शामिल न हों। कहीं पर अपराध होने की सूचना चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी या कंट्रोल रूम के फोन नंबर पर दें। साथ में मिलकर समाज को सुधारने में भी वह योगदान दे सकते हैं। तो वहीं लोनी बॉर्डर थाने से लेकर मसूरी और नंदग्राम से लेकर मधुबन बापूधाम, लिंक रोड, शालीमार गार्डन, लोनी, इंदिरापुरम, कवि नगर, मुरादनगर, वेव सिटी, अंकुर विहार, क्रॉसिंग रिपब्लिक में भी इस प्रकार की मीटिंग आयोजित की गई। जहां बड़ी संख्या में अलग-अलग अपराध में शामिल लोग पहुंचे।

# जम्मू-कश्मीर : रामबन में बादल फटने से भारी तबाही

## तीन लोगों की मौत और एक लापता, कई घर क्षतिग्रस्त, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, 100 से ज्यादा लोग बचाए गए






**जम्मू-कश्मीर:** जम्मू-कश्मीर स्थित रामबन के धर्मकुंड में रविवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अचानक आई इस बाढ़ में 3 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक शख्स लापता हो गया है और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही कई लोग अपने घरों में फंस गए हैं, उन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

बताया जा रहा है कि भारी बारिश के कारण नाले में पानी बढ़ गया और अचानक बाढ़ आ गई। ये पानी चेनाब पुल के पास धर्मकुंड गांव में घुस गया। गांव में पानी घुसने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में घुसे बाढ़ के पानी ने 100 घरों को पूरी तरह से तोड़ दिया है, जबकि 25 से 30 घरों में आंशिक रूप से नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, इलाके में पानी घुसने से कई लोग अपने-अपने घरों में फंस गए हैं, उन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रेस्क्यू टीम ने इलाके में अब तक 90 से 100 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

### प्रशासन ने लोगों को दी सतर्क रहने की सलाह

इसी बीच रामबन जिले के डिप्टी कमिश्नर (उपायुक्त) ने खराब मौसम को देखते हुए लोगों सतर्क रहने की सलाह दी है। डिप्टी कमिश्नर एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा, रामबन जिले में खराब मौसम और भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षा सलाहों का पालन करने की सलाह दी जाती है। किसी भी आपात स्थिति के लिए 2477 जिला नियंत्रण कक्ष से 01998-295500, 01998-266790 संपर्क कर सकते हैं। सूचित रहें, सुरक्षित रहें!

बीजेपी नेता और सांसद जितेंद्र सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रामबन शहर के आसपास के इलाकों में रात भर भारी बारिश, भूस्खलन और तेज हवाएं चलीं। राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध है और दुर्भाग्य से 3 लोगों की हो गई है और कुछ परिवारों की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

बीजेपी नेता ने कहा, 'मैं उपायुक्त बसीर-उल-हक चौधरी के लगातार संपर्क में हूं। जिला प्रशासन वक्त पर और त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशंसा का पात्र है, जिसने कई बहुमूल्य जीवन बचाने में मदद की। वित्तीय और अन्य सभी प्रकार की राहत प्रदान की जा रही है।'

**लोगों से की अपील :** उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोगों से अपील है कि वो घबराएं नहीं, हम सब मिलकर इस प्राकृतिक आपदा से जीतेंगे। डीसी को बताया गया है कि यदि जरूरत पड़ी तो सांसद के निजी संसाधनों से भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

---

## राष्ट्रपति और पीएम ने देशवासियों को दी ईस्टर की शुभकामनाएं



**राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि ईसा मसीह की शिक्षाएं मानवता को प्रेम और त्याग के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने पोस्ट में शुभकामनाएं देते हुए लिखा, सभी को ईस्टर की बधाई!**

**नई दिल्ली।** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने त्याग और करुणा के प्रतीक ईसा मसीह के पुनरुत्थान दिवस की सबको शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि ईसा मसीह की शिक्षाएं मानवता को प्रेम और त्याग के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने पोस्ट में शुभकामनाएं देते हुए लिखा, सभी को ईस्टर की बधाई! इस अवसर पर हम ईसा मसीह के पुनरुत्थान का जश्न मनाते हैं। यह त्योहार नई उम्मीद और नई शुरूआत की भावना को प्रेरित करता है। ईसा मसीह की शिक्षाएं मानवता को प्रेम और त्याग के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। आशा और आनंद का यह त्योहार सभी के लिए शांति और समृद्धि लाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सभी को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएं। यह ईस्टर इसलिए खास है क्योंकि दुनिया ईसा मसीह के जुबली वर्ष को बड़े उत्साह के साथ मना रही है। कामना है कि ये पवित्र अवसर हर व्यक्ति में आशा, नवीनीकरण और करुणा की भावना जगाए रखे। चारों ओर खुशियां और सद्भावना हो।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा, ईस्टर के इस खुशी भरे अवसर पर हमारी हार्दिक शुभकामनाएं, जो एक बेहतर कल के लिए आशा के नवीनीकरण का प्रतीक है। यीशु मसीह के पुनरुत्थान का शाश्वत महत्व यह है कि करुणा घृणा से अधिक शक्तिशाली है और सत्य बुराई पर विजय प्राप्त करता है। जैसा कि हम ईस्टर संडे मनाते हैं, आनंद, शांति, सौहार्द और सद्भाव हमारे आगे के मार्ग को रोशन करें।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, आपको और आपके प्रियजनों को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएं। यह खुशी का अवसर सभी के लिए नई शुरूआत, नई उम्मीद और स्थायी खुशी लेकर आए।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर लिखा, ईस्टर पर्व की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आइए इस पर्व के अवसर पर प्रभु यीशु की करुणा, मानवता तथा त्याग की शिक्षाएं आत्मसात कर उनसे सेवा तथा सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लें।

बता दें कि ईस्टर ईसाई धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जो यीशु मसीह के पुनरुत्थान का उत्सव मनाता है। यह माना जाता है कि यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन वे जीवित हो वापस लौटे थे।

---

## वक्फ संशोधन कानून को लेकर मैदान में उतरी बीजेपी

### 20 अप्रैल से 5 मई तक पूरे देश में वक्फ संशोधन जागरूकता अभियान चलाएगी बीजेपी

**इस अभियान के जरिए पार्टी वक्फ कानून में किए गए संशोधनों की व्याख्या करेगी और मुस्लिम समाज के बीच जाकर सच्चाई बताने का दावा करेगी।**




**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर देश में जारी सियासी घमासान के बीच भारतीय जनता पार्टी अब मोर्चा संभालने को तैयार है। विपक्ष और मुस्लिम संगठनों के विरोध के बीच बीजेपी 20 अप्रैल यानी आज से 5 मई तक देशभर में वक्फ संशोधन जनजागरण अभियान चलाएगी। इस अभियान के जरिए पार्टी वक्फ कानून में किए गए संशोधनों की व्याख्या करेगी और मुस्लिम समाज के बीच जाकर सच्चाई बताने का दावा करेगी।

भारतीय जनता पार्टी अब वक्फ संशोधन कानून को लेकर विपक्ष के हमलों का जवाब देने के लिए मैदान में उतर चुकी है। इस अभियान के तहत बीजेपी नेता और कार्यकर्ता विशेष रूप से मुस्लिम समाज के बीच जाकर यह समझाएंगे कि नए वक्फ संशोधन में ऐसा कुछ नहीं है जो किसी धार्मिक स्थल को प्रभावित करता हो या समुदाय की आस्था को चोट पहुंचाता हो।

दिल्ली में आयोजित पार्टी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और बाकी वरिष्ठ नेताओं ने देशभर से आए पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक में तय हुआ कि विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों द्वारा इस मुद्दे को हिंदू बनाम मुस्लिम का रंग देने की कोशिश की जा रही है, जबकि संशोधन का मकसद केवल पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ाना है। कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा कि वे कैसे मुस्लिम समाज को तथ्यात्मक जानकारी दें और राजनीतिक भ्रमजाल को तोड़ें।

दुष्यंत कुमार गौतम ने पोस्ट कर अभियान के बारे में जानकारी दी और इसकी शुरूआत भी कि उन्होंने लिखा- 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के जरिए इस व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। भुवनेश्वर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की कार्यशाला को संबोधित किया।'

#### कांग्रेस ने अभियान को बताया डैमेज कंट्रोल

वहीं कांग्रेस इस पूरे अभियान को एक डैमेज कंट्रोल करार दे रही है। प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि बीजेपी अपने ही फैसलों की वजह से बैकफुट पर है। उन्होंने इसे किसानों के खिलाफ लाए गए कृषि कानूनों जैसा बताया, जिसमें जनता के गुस्से के बाद सरकार को पीछे हटना पड़ा था। अब बीजेपी जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है, लेकिन लोग इस बार सवाल जरूर पूछेंगे। वक्फ संशोधन कानून पर यह अभियान आने वाले महीनों में सियासत की दिशा तय कर सकता है, खासकर उन राज्यों में जहां मुस्लिम आबादी निर्णायक भूमिका निभाती है।

---

## अजब प्रेम की गजब कहानी : सपना को राहुल के घरवालों ने किया अस्वीकार

### दोनों ने छोड़ा गांव, कहां गए किसी को पता नहीं

**परिवार ने उन्हें घर में नहीं रुकने दिया। इस मामले में परिवार ने चुप्पी साध ली है। राहुल के पिता कुछ भी बोलने से इन्कार कर रहे हैं।**



**अलीगढ़।** होने वाले दामाद राहुल के साथ गई सास सपना को राहुल के परिवार ने स्वीकार नहीं किया। परिवार ने उन्हें घर में नहीं रुकने दिया। रात उन्होंने पड़ोसी के घर में काटी। इसके बाद सुबह वे फिर से गायब हो गए। अब कहां गए, किसी को इसकी खबर नहीं। हां, एक दोस्त ने जरूर उन्हें बाइक से पाली क्षेत्र में छोड़ा। इस मामले में परिवार ने चुप्पी साध ली है। राहुल के पिता कुछ भी बोलने से इन्कार कर रहे हैं। मडराक के गांव मनोहरपुर कायस्थ के जितेंद्र की पत्नी सपना के अपने दामाद राहुल से प्रेम संबंध हो गए थे। बेटी की शादी से पहले दोनों घर से निकल गए। दोनों बुधवार को दादों थाने पहुंच गए। यहां आकर उसने यही बयान दिया कि वह दोनों अपनी मर्जी से गए थे। दोनों जीवन भर साथ ही रहेंगे।

बहरहाल, इस मामले में काउंसिलिंग भी बेनतीजा रही। महिला के बेटे भी कहते रहे घर चलने को मगर वह नहीं मानी। एसपी देहात अमृच जैन के मुताबिक महिला ने अपनी मर्जी से होने वाले दामाद संग जाने की बात कही। चूंकि दोनों बालिग हैं। इसलिए महिला को राहुल संग भेजा गया। इससे पहले दंपती के आरोपों पर परिवार परामर्श केंद्र में काउंसिलिंग भी कराई गई।

---

## निशिकांत दुबे के सुप्रीम कोर्ट वाले बयान को भाजपा ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** जेपी नड्डा ने कहा- बीजेपी ने हमेशा न्यायपालिका का सम्मान किया है। मैंने उन्हें (निशिकांत दुबे, दिनेश शर्मा) और अन्य नेताओं को इस तरह की टिप्पणी न करने का निर्देश दिया है।

**निशिकांत दुबे ने आखिर क्या दिया था बयान, जिसपर बरपा है हंगामा :** बीजेपी सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा था कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। दुबे ने पहले एक्स पर तीखा पोस्ट किया। बाद में उन्होंने ढळकके साथ बातचीत में कोर्ट पर आरोप लगाया कि वह विधायिका द्वारा पारित कानूनों को रद्द करके संसद की विधायी शक्तियों को अपने हाथ में ले रहा है और यहां तक कि राष्ट्रपति को निर्देश भी दे रहा है, जो सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस की नियुक्ति कर्ता प्राधिकारी हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भी सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करते हुए कहा कि कोई भी संसद या राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकता।



**बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निशिकांत और शर्मा के बयान पर क्या कहा? :** बीजेपी ने अपने सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा द्वारा सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई संजीव खन्ना पर की गई तीखी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया। पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इन टिप्पणियों को सांसदों के निजी विचार बताकर खारिज कर दिया। नड्डा ने एक्सह्र पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा का उसके सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा की न्यायपालिका और प्रधान न्यायाधीश पर की गई टिप्पणियों से कोई लेना-देना नहीं है।

---

## चीता प्रभाष और पावक को मिलेगा नया घर

### गांधी सागर अभयारण्य में किए जाएंगे शिफ्ट

**मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दो साल बिताने के बाद 6 वर्षीय चीता प्रभाष और पावक को रविवार शाम गांधी सागर अभयारण्य में छोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव खुद दोनों चीतों को छोड़ने के लिए मौजूद रहेंगे।**



**कूनो।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दो साल बिताने के बाद 6 वर्षीय चीता प्रभाष और पावक रविवार शाम को अपने नए आवास में पहुंचेंगे। इस बात की जानकारी कूनो के अधिकारियों ने दी। अधिकारियों के मुताबिक दोनों चीतों को गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित किया जाएगा। यह अभयारण्य कुनो से 250 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित है।

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक उत्तम कुमार शर्मा ने शनिवार को कहा कि दो नर चीतों को स्थानांतरित करने की तैयारी पूरी हो गई है। प्रभाष और पावक को सड़क मार्ग से गांधी सागर अभयारण्य ले जाया जाएगा। यह अभयारण्य मंदसौर और नीमच जिलों में फैला हुआ है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव शाम को दोनों चीतों को छोड़ेंगे। अधिकारी ने कहा कि यात्रा में 6-7 घंटे लगेंगे। प्रभास और पावक को फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका के वाटरबर्ग बायोस्फीयर रिजर्व से कुनो नेशनल पार्क लाया गया था।

---

## सांप से ज्यादा डस रहा है अंधविश्वास : झाड़-फूंक के फेर में एक साल में गई 406 लोगों की जान

**सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी कहते हैं कि सांप काटने के केस में एक मरीज को 10 एंटी वेनम इंजेक्शन लगते हैं। प्रत्येक सीएचसी पर इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता रहती है। यह भी सही है कि अंधविश्वास के चलते सर्प दंश के मामलों में लोग स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में देरी करते हैं।**





**अलीगढ़।** घर से महज 500 मीटर दूर है अस्पताल। लेकिन फिर भी वहां जाकर इलाज कराने के बजाए झाड़फूंक में समय बर्बाद करते रहे। अलीगढ़ के ग्रामीण अंचल में अंधविश्वास का जाल ऐसा फैला है कि लोग सांप के डसने के बाद अस्पताल नहीं जा रहे हैं। आंकड़े भी इसकी गवाही देते हैं। वर्ष 2024 में 1270 लोगों को सांप ने डसा था जिनमें से 406 की जान चली गई। इनमें से अधिकांश ग्रामीण इलाकों के वह लोग थे जिन्होंने झाड़फूंक पर भरोसा किया। या फिर अस्पताल पहुंचने में देर कर दी। जबकि प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी स्नेक वेनम के 400 इंजेक्शन रखे ही रह गए। अगर कोबरा सांप डस ले तो मरीज को फौरन अस्पताल ले जाएं। दरअसल, शुरूआत के 30 मिनट मरीज के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। अगर समय रहते मरीज को एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन लग जाए तो उसकी जिंदगी बच सकती है। फिर भी व्यक्ति की उम्र, अवस्था और सांप के जहरीले होने पर निर्भर करता है। - डॉ. जमील अहमद, जेएन मेडिकल कॉलेज

**बचाव का कीमती समय निकला, हुई मौत :** गोधा निवासी अलाउद्दीन के 8 वर्षीय बेटे आसिफ को सांप ने डस लिया। बेटे ने कहा हाथ में दर्द हो रहा है। अलाउद्दीन ने दर्द की गोली खिला दी।

इस लापरवाही से बचाव का कीमती समय निकल गया। थोड़ी देर बाद बच्चे ने आंखों के आगे अंधेरा होने की बात कही। परिवार वालों ने कमरे में अंदर सांप देखा। जब तक अस्पताल पहुंचे काफी देर हो चुकी थी।

अकराबाद के गांव धोहरी में एक महिला धान की रोपाई कर रही थी। इसी दौरान उसे जहरीले सांप ने डस लिया। परिवार वालों ने बायगीर को बुलाया। छह घंटे के बाद बायगीर भाग गया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम | ट्वीट का करंट




### पुलिस आयुक्त की फेयरवैल पोस्ट पर बोले पूर्व विधायक रूप चौधरी

# ये है सामाजिक शिष्टाचार और मैं कभी नहीं लड़ूंगा लोनी से चुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सोशल मीडिया पर लोनी के पूर्व विधायक रूप चौधरी की एक पोस्ट आई, जिसमें उन्होंने गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त रहे अजय मिश्रा को उनके तबादले के बाद नए स्थान पर कार्यभार गृहण करने की बधाई देते हुए उन्हें एक अच्छा अधिकारी बताया था। पूर्व विधायक रूप चौधरी ने उन्हें फेयरवेल बधाई दी और इस पोस्ट के बाद लोनी की सियासत में और खासतौर से गुर्जर समाज में चर्चा खड़ी हो गई। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और लोनी के पूर्व विधायक रूप चौधरी आपस में चाचा-भतीजे भी हैं, लिहाजा इस पोस्ट को पारिवारिक मामले से जोड़ा तो किसी ने इसे लोनी में टिकट की दावेदारी से जोड़ा। पोस्ट पर अच्छे और बुरे कमेंट भी आए। आखिर रूप चौधरी ने क्यों पुलिस आयुक्त को बधाई दी। वो क्यों फेयरवेल के लिये पहुंचे, जब लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त रहे अजय मिश्रा के बीच कई बातों को लेकर विवाद था और ये विवाद इतना बढ़ा था कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पांच लेटर उनके खिलाफ लिखे थे। तबादला होते ही विधायक नंदकिशोर गुर्जर के घर ढोल बजा था और उन्होंने सहारनपुर में फटा कुर्ता उतारकर नया कुर्ता धारण कर लिया था। इसी बीच पूर्व विधायक रूप चौधरी की ये पोस्ट आ गई। रूप चौधरी लोनी से विधायक रहे हैं, वो वरिष्ठ पत्रकार भी हैं, वो सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता भी हैं और वो अपनी बात को स्पष्ट तरीके से रखने वाले और विचारवान सख्शियत के रूप में जाने जाते हैं। कभी हल्की बात नहीं कहते।

Roop Chaudhary
2d
गाजियाबाद के प्रथम पुलिस आयुक्त श्रीमान अजय कुमार मिश्रा जी को प्रयागराज रेंज का पुलिस महानिरीक्षक बनाये जाने पर उन्हें उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की . उनके पुलिस आयुक्त के कार्यकाल में हुए अनेक बेहतरीन कार्यों के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा . 💐💐🙏🙏





दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व विधायक रूप चौधरी से बात की। यहां पर रूप चौधरी ने इस पूरे मामले पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि मैं एक पत्रकार भी हूं और जानता हूं कि हर जिले में एक परंपरा होती है कि जब भी कोई पुलिस प्रशासन का बड़ा अधिकारी ज्वाइन करता है तो उनके पास एक लिस्ट गणमान्य और प्रमुख लोगों की होती है। अधिकारी उन सभी लोगों से मिलते हैं और सहयोग की बात कहते हैं। सब उनका स्वागत करते हैं। यह एक परंपरा है। इसी तरह जब अधिकारी का तबादला होता है तो उनके साथ अनुभव कैसे भी रहे हों, लेकिन फेयरवेल की एक परंपरा है। यहां तक की पत्रकार, व्यापार मंडल विदाई कार्यक्रम आयोजित करते हैं। लिहाजा ये एक शिष्टाचार है और इसे अन्यथा नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरे पास भी कई लोगों के फोन आए, मैंने भी अपनी बात रखी, लेकिन मैं फिर दोहरा दूं कि राजनीति में कभी भी स्थायी दुश्मनी नहीं रखी जाती। अधिकारी भी तबादले के साथ सब भूल जाते हैं और फिर दोहरा रहा हूं कि राजनीति में व्यक्तिगत दुश्मनी कभी नहीं होती। व्यवस्था को लेकर विरोध होता है। पूर्व विधायक रूप चौधरी ने कहा कि जहां तक लोनी से मेरी टिकट की दावेदारी का सवाल है तो मैं ये बता दूं कि वर्ष 2012 और वर्ष 2017 में मुझे भाजपा का टिकट ऑफर हुआ था। मैंने ही चुनाव लड़ने से इनकार किया था। वर्ष 2022 में भी दैनिक करंट क्राइम ने मुझसे लोनी में विधानसभा की दावेदारी को लेकर सवाल किया था तो मैंने साफ इनकार किया था और कहा था कि नंदकिशोर किशोर गुर्जर मेरे भतीजे हैं और मैं उनके खिलाफ चुनाव नहीं लड़ूंगा।

पूर्व विधायक रूप चौधरी ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि जिन लोगों को ऐसा लग रहा तो मैं फिर बता दूं कि मैं भविष्य में कभी भी लोनी से चुनाव नहीं लड़ूंगा। यदि पार्टी नंदकिशोर गुर्जर को लोकसभा का टिकट भी दे दें तो भी मैं लोनी से चुनाव नहीं लड़ूंगा। लिहाजा वो एक सामान्य शिष्टाचार को राजनीति से ना जोड़ें। यहां पर पूर्व विधायक रूप चौधरी ने कहा कि कुछ दायित्व होते हैं और उनमें हमें अपने शहर का भी दायित्व निभाना होता है। मैं इसलिये भी मिलने गया कि पुलिस आयुक्त जाते हुए गाजियाबाद जिले को लेकर अपने मन में कोई कटु अनुभव ना लेकर जाएं। राजनीति में हमेशा सिद्धांतों की लड़ाई होती है, विचारों की लड़ाई होती है, व्यवस्थाओं के खिलाफ मोर्चा खुलता है, लेकिन कभी भी व्यक्तिगत लड़ाई नहीं होती है। मुझे उम्मीद है कि राजनीति के प्रबुद्ध लोग इस बात को समझेंगे। फिर दोहरा दूं कि मेरी कोई दावेदारी विधानसभा के टिकट को लेकर नहीं है और मैच खत्म होने के बाद हारे और जीते खिलाड़ी आपस में हाथ मिलाकर मैदान से बाहर आते हैं। इसलिये स्मृतियां हमेशा मुधर होनी चाहिए और कटुता हमेशा व्यक्तिगत नहीं होनी चाहिए।

# अभद्र टिप्पणी का चलन, किसी भी सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं: नरेंद्र कश्यप

### सम्मान करके आगे बढ़ सकते हैं, किसी का अपमान करके नहीं

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप ने ब्राह्मण समाज को लेकर टिप्पणी की और फिर इसके बाद टिप्पणी पर प्रतिक्रिया का दौर शुरू हुआ। हालांकि बताया जाता है कि अनुराग कश्यप ने अपने शब्दों को लेकर खेद व्यक्त किया। समाज के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा समय-समय पर अपमानजनक शब्दों के प्रचलन को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप से बात की।



नरेंद्र कश्यप पेशे से अधिवक्ता हैं। तीन बार एमएलसी रहे हैं, राज्यसभा सांसद रहे हैं और मौजूद समय में वो एमएलसी भी हैं और प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। वो भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। नरेंद्र कश्यप एक बड़े प्रोफाइल के नेता होते हुए भी हमेशा अपने शब्दों को लेकर सौम्य और मर्यादित रहते हैं। एक लंबे राजनीतिक करयिर में उनके जीवन में कभी ऐसा समय नहीं आया जब उन्हें अपने शब्दों को लेकर खेद व्यक्त करना पड़ा। टिप्पणी को लेकर नरेंद्र कश्यप ने कहा कि इतनी तो हर उस व्यक्ति की जिम्मेदारी है जो समाज में एक स्थान रखते हैं। जो किसी भी क्षेत्र में एक लीड रखते हैं। यह उनका नैतिक दायित्व है कि वो अगर बोलें तो उनके शब्दों का अर्थ सार्थक हो। किसी व्यक्ति पर, किसी जाति पर, किसी समुदाय पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करके कभी सम्मान नहीं मिल सकता। यह संवैधानिक व्यवस्था है कि आपको अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार मिला है और कई बार कुछ लोग इसी का लाभ लेकर अपमानजनक शब्द कह जाते हैं।

उन्होंने कहा कि केवल अनुराग कश्यप की बात नहीं है, समाजवादी पार्टी के रामजीलाल सुमन ने भी विचारों की अभिव्यक्ति का ही लाभ उठाया। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कई बार सियासी माइलेज लेने के लिये भी कुछ लोग ऐसी बातें बोल जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह राजनीति के गिरते स्तर का प्रतीक है। कई बार लोग शब्दों के चयन में गरमी और शिष्टाचार भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में राजनीति में अभद्र टिप्पणी का ये चलन बिल्कुल भी ठीक नहीं माना जा सकता। किसी भी दल की बात हो, किसी भी समुदाय की बात हो, इसका दुष्प्रभाव हमारे सामाजिक और राजनीतिक संस्कारों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि हम किसी का सम्मान करके तो आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन किसी का अपमान करके आगे नहीं बढ़ा सकता।

### जब महानगर की टीम में महामंत्री बनने के लिए आया सचिन डेढ़ा का नाम

# भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष के नाम पर पूरी टीम ने उठा दिये समर्थन वाले हाथ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष बन चुके हैं और अब उनकी टीम का ऐलान होना है। टीम में अध्यक्ष बाद चार महामंत्रियों को लेकर सबसे ज्यादा फील्डिंग लग रही है। उपाध्यक्ष भी बनने हैं और मंत्री भी बनने हैं। ऐसे में सब अपने-अपने हिसाब से इस हसरत को पूरा कर रहे हैं। रविवार को एक ऐसा मौका इंदिरापुरम में आया जब कसरत वाले कार्यक्रम में महामंत्री वाली हसरत का सीन हो गया। इंदिरापुर में एक ओपन जिम के कार्यक्रम के दौरान भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष मौजूद थे और उनकी पूरी टीम मौजूद थी। इसी दौरान ये चर्चा चली कि युवा मोर्चा की टीम महानगर अध्यक्ष के साथ सुबह-शाम घूम रही है। सब चाहते हैं कि हमें भी भाजपा महानगर की नई टीम में कोई ना कोई पद मिले। इस कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढ़ा भी मौजूद थे। जब वहां मेन टीम में पद लेने की बात चल रही थी तो यहां महामंत्री पद के लिये युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा का नाम आया। उनका नाम आते ही यूथ मोर्चा की पूरी टीम ने हाथ ऊपर करके उन्हें समर्थन दिया और संकल्प लिया कि हम उनको महामंत्री पद दिलाने के लिये पूरा साथ देंगे।



बताते हैं कि यहां पर युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने ये भी कह दिया कि यदि आप महामंत्री बन रहे हों तो हमें मंत्री या उपाध्यक्ष भी बनवाने की कोशिश करना। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी ये चर्चा चलती रही कि किस पदाधिकारी को महानगर की टीम में स्थान मिलेगा। यहां पर सचिन डेढ़ा के समर्थन में पूरी टीम आ गई। कार्यकताओं ने ये कहा कि हम महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा के साथ हैं। बताते हैं कि जब युवा मोर्चा की टीम संकल्प ले रही थी तो यहां भाजपा युवा मोर्चा के पश्चिम उत्तर प्रदेश महामंत्री अनुज कश्यप, महामंत्री संदीप चौधरी, महामंत्री नितिन शर्मा, उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष राम त्यागी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# भाजपा गॉट टैलेंट

दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**कॉन्सेप्ट दीपक भाटी**

भाजपा के गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष उर्फ भगवा योद्धा मयंक गोयल की घोषणा हो चुकी है। अब उनकी टीम में शामिल होने के लिए कई चेहरे आतुर है। एक अनार सौ से ज्यादा बीमार नजर आ रहे हैं। पार्टी के विभिन्न आयामों के माध्यम से सभी अपना हुनर दिखा रहे हैं। प्रतिभा के इसी प्रदर्शन का एक प्लेटफॉर्म दैनिक करंट क्राइम भी लाया है। जहां भगवा योद्धा और उनके जजों के पैनल के सामने 5 भगवा पार्टिसिपेंट अपने टैलेंट दिखायेंगे। इस सीजन में जो जजों को लुभा लेगा। वो भगवा योद्धा की टीम में स्थान बना लेगा। ये पूरा एपिसोड दैनिक करंट क्राइम की परिकल्पना पर आधारित होगा। जिसका दिए गए किरदार और उनके द्वारा बोले गये शब्दों से कोई इत्तेफाक नहीं होगा। मनोरंजन के माध्यम से आने वाली टीम के संकेत भाजपा गॉट टैलेंट के माध्यम से दिये जायेंगे। धन्यवाद

दीपक भाटी
समाचार संपादक




SCENE 2

खेल शुरू होता है और पांच खिलाड़ी टैलेंट दिखाने के लिए लिए तैयार होते हैं।




SCENE 3

खेल शुरू होता है और पहले दिन पांचों खिलाड़ी अपना टैलेंट दिखाने के लिए उत्साहित नजर आते हैं।



















एंकर दीपक भाटी : भाजपा गॉट टैलेंट के इस पहले एपिसोड में जजों का पैनल अगले एपिसोड में इन सब पर अपना निर्णय सुनायेगा। जजों के निर्णय के आधार पर ही पता चलेगा कि कौन खिलाड़ी भगवा योद्धा की टीम में कौन सा वाला स्थान प्राप्त करता है। तब तक पढ़ते रहिए आपका पसंदीदा अखबार दैनिक करंट क्राइम।

**कहानी आने वाले समय में और भी रोचक होगी। इसलिए पढ़ते रहिए अपना पसंदीदा नंबर वन अखबार दैनिक करंट क्राइम। पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त....!**

नोट : दैनिक करंट कॉमिक की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।

कला पक्ष : नरेश शर्मा

## संपादकीय

# टकराव बढ़ेगा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुप्रीम कोर्ट पर की गई टिप्पणियों ने कार्यपालिका और विधायिका के बीच के टकराव को सार्वजनिक कर दिया है। जजों की नियुक्ति का मामला हो या संविधान की व्याख्या –मतभेद पहले भी रहे हैं। लेकिन, पहली बार संवैधानिक पद पर बैठे किसी जिम्मेदार ने इतनी तल्ख बातें की हैं। जिस मंच का इस्तेमाल किया गया, वह भी सही नहीं था। इससे किसी बदलाव की उम्मीद कम, बेकार की बहस बढ़ने का अंदेशा ज्यादा है।

फैसले का संदर्भ शीर्ष अदालत ने हाल में एक मामले की सुनवाई करते हुए राज्यपालों के अलावा राष्ट्रपति के लिए भी विधेयक पास करने की समय–सीमा तय कर दी है। उपराष्ट्रपति की टिप्पणियां उसी संदर्भ में थीं। उनका सबसे सख्त ऐतराज इस पर बात पर रहा कि सुप्रीम कोर्ट देश के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकता। धनखड़ संवैधानिक पद पर हैं और जब वह ऐसी बात करते हैं, तो टकराव बढ़ता है। पूर्ण न्याय का रास्ता उपराष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 142 को लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ न्यूक्लियर मिसाइल बताया है। यह अनुच्छेद रउ को विशेष अधिकार देता है। जब पूर्ण न्याय के लिए कोई और रास्ता नहीं बचता, तब सुप्रीम अदालत इस अनुच्छेद से मिली पूर्ण शक्तियों का इस्तेमाल करती है। इसे किसी संवैधानिक संस्था के खिलाफ हथियार नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह उम्मीद का दरवाजा है। संवैधानिक टकराव : उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को 'सुपर संसद' कहा, अनुच्छेद 145 (3) में संशोधन की वकालत की। यह अनुच्छेद तय करता है कि संविधान से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ का गठन किस तरह किया जाएगा। ऐसे में इस तरह की टिप्पणियां जनता में भ्रम पैदा कर सकती हैं, अविश्वास का माहौल बनता है। जवाबदेही की चिंता उपराष्ट्रपति की कुछ चिंताएं अपनी जगह सही हैं। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के घर से मिले नोटों के जले हुए बंडल का जिक्र किया और जवाबदेही की बात उठाई। देश के नागरिक के तौर पर उनकी चिंता और सवाल जायज हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे पारदर्शिता बढ़े और न्यायपालिका पर भरोसा कायम रहे। हालांकि बतौर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी टिप्पणियों से बच सकते थे। आज के राजनीतिक माहौल में उनसे ज्यादा संतुलित व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

# शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार होगा तो देश की भावी पीढ़ी से ईमानदारी और शिष्टाचार की उम्मीद करना बेमानी

## भ्रष्टाचार की वजह से बेलगाम शिक्षण संस्थाओं पर अधिकारी नहीं बना पाते हैं दबाव

जिस देश और प्रदेश के उस शिक्षा विभाग में ही आकंठ भ्रष्टाचार व्याप्त हो जहां से इस देश की भावी पीढ़ी शिक्षा दीक्षा लेकर देश को प्रगति के पथ पर ले जाने का काम करेंगी तो ऐसे में उस देश को विश्व गुरु बनने की बातें अभी तो काल्पनिक ही साबित होती नजर आती हैं। देश के जो युवा कर्णधार शैक्षिक जीवन के प्रारंभिक दौर में ही शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को देख रहे हों तो उनसे ईमानदार और शिष्टाचारी होने की उम्मीद रखना बेमानी नजर आती है। जिसने रिश्वत के बल पर गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को संचालित होते देखा हो, जिसने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निजी शिक्षण संस्थाओं के हाथों की कठपुतली बनते देखा हो, जिन्होंने आरटीई के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों द्वारा दाखिला न देने पर भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बेचारगी देखी हो, जिसने निजी स्कूलों को सरकार के शुल्क नियामक अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए देखा हो, जिसने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की निजी स्कूलों के साथ सांठ–गांठ के बूते संचालित गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढकर बोर्ड परीक्षा का आवेदन फॉर्म मान्यता प्राप्त स्कूलों को रिश्वत देकर भरने का स्वयं अनुभव प्राप्त किया हो, जिसने स्कूलों की मान्यता प्रदान करने के लिए भी शिक्षा अधिकारियों को रिश्वत लेने की बातें सुनी हो, जिसने एडिड स्कूलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेने की बातें सुनी हों, जिसने सरकार की तरफ से स्कूलों को विभिन्न मदों में प्राप्त होने वाली धनराशि से कमीशन खोरी की बंदरबांट होते देखी हो तो शायद ऐसे में देश की उस नई पीढ़ी और कर्णधारों पर तब तक उंगली उठाना उचित नहीं होगा जब तक सरकारें शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लगा पायेंगी। अगर उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग पर ही नजर डालें तो उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के बावजूद शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि शिक्षा सत्र के प्रारंभ में गैर मान्यता स्कूलों के विरुद्ध कार्यवाही करने का ढोल पीटने वाले शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के शरण में आते ही वर्ष भर के लिए चिरनिद्रा में चले जाते हैं। शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार का आलम यह है कि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाना तो बहुत दूर की बात है, शिक्षा विभाग के अधिकारी उस तरफ आंख उठाकर देखना भी मुनासिब नहीं समझते। यहां तक कि जो शिक्षण संस्थाएं मान्यता के लिए आवेदन करती हैं उन्हें भी मजबूरन भ्रष्टाचारी रास्ते से गुजरना पड़ता है अन्यथा मान्यता फाइलें डम्प कर दी जाती हैं।




अगर उदाहरण के तौर पर जनपद गौतम बुद्ध नगर के शिक्षा विभाग पर नजर डालें तो वर्तमान में जिला स्तरीय दोनों शिक्षा अधिकारियों की तैनाती के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब किसान और गरीबों के बच्चों को नामचीन निजी शिक्षण संस्थानों में सरकारी रियायतों का लाभ मिल सकेगा। लेकिन पुराने ढर्रे पर चल पड़े शिक्षा विभाग के इन दोनों अधिकारियों से भी अब लोगों को निराशा ही हाथ लगती नजर आ रही है। बहरहाल जो भी है इन अधिकारियों का निजी स्कूलों पर सरकारी आदेशों का अनुपालन कराने हेतु कोई खासा दबाव और प्रभाव अभी तक नजर नहीं आया है।

इसीलिए तो गौतमबुद्ध नगर का शिक्षा विभाग आरटीई के तहत गरीब बच्चों को दाखिला दिलाने एवं उत्तर प्रदेश सरकार के शुल्क नियामक अधिनियम को लागू कराने में लाचार नजर आ रहा है। गौतम बुद्ध नगर में जहां सीबीएसई और यूपी बोर्ड की बगैर मान्यता के प्राइमरी स्कूल संचालित करने वाले और हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की खुलेआम कक्षाएं संचालित करने वालों की भरमार है वहीं गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों से मोटी धनराशि लेकर हाई स्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा के आवेदन फॉर्म भरने वालों की भी संख्या बहुतायत में हैं। इस बात को कतई नही नकारा जा सकता कि यह बात शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जानकारी में न हो। लेकिन नियम, कायदे और कानूनों की शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई अनदेखी को अब तो बस यह कहकर इतिश्री कर दी जाती है कि हमाम में सब नंगे हैं। यह अत्यंत गंभीर विषय है कि सरकारी एक्ट और नियमों का उल्लंघन करने के बावजूद भी निजी शिक्षण संस्थाओं पर शिक्षा अधिकारियों का कोई खौफ और दबाव नजर नहीं आता अन्यथा पुराने समय में सरकारी स्कूलों में शिक्षा पाए लोगों ने वह दिन भी देखे हैं जब शिक्षा विभाग का डिप्टी स्तर का अधिकारी किसी स्कूल का निरीक्षण करने पहुंच जाता था तो तहलका मच जाया करता था। लेकिन आज किसी मंत्री के आने पर भी बहुत ज्यादा हलचल नजर नहीं आती। इसीलिए शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से देश का भविष्य संवारने वाली भावी पीढ़ी का ईमानदार और शिष्टाचारी होना भी संदेहास्पद नजर आने लगा है।

उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग में व्याप्त इस भ्रष्टाचार को खत्म करना इसलिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि दशकों के लंबे संघर्षों और न्यायिक प्रक्रिया के बाद उत्तर प्रदेश की अयोध्या नगरी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मंदिर का निर्माण करने में भले ही हम सफल हो गए हों लेकिन सही मायने में इस मंदिर निर्माण का असली लक्ष्य तभी पूरा होगा जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान के चरित्र में समाहित ईमानदारी, त्याग, तपस्या, धैर्य और आज्ञाकारी जैसे सद्गुणों का पाठ पढकर भावी पीढ़ी ईमानदारी और शिष्टाचार के मार्ग पर चलना प्रारंभ करेगी जिसमें उत्तर प्रदेश का शिक्षा विभाग महती भूमिका निभा सकता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह उस शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार से मुक्ति के बाद ही संभव हो सकेगा जहां से भावी पीढ़ी की प्रथम शिक्षा दीक्षा और चरित्र निर्माण की शुरूआत होती है।



कर्मवीर नागर प्रमुख

# कर्ज के गलत इस्तेमाल को लेकर फंसी जेनसोल की बढ़ेंगी मुश्किलें




**नई दिल्ली।** सेबी पहले ही जेनसोल इंजीनियरिंग के प्रमोटर्स जग्गी बंधुओं को पूंजी बाजार से प्रतिबंधित कर चुकी है। साथ ही जग्गी बंधुओं को कंपनी में अहम पद संभालने से भी रोक दिया है। सेबी ने भी जेनसोल पर फंड के गलत इस्तेमाल और दस्तावेजों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। फंड डायवर्जन के आरोपों में फंसी जेनसोल इंजीनियरिंग कंपनी की मुश्किलें और बढ़ती नजर आ रही हैं। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय स्वत: संज्ञान लेकर जेनसोल इंजीनियरिंग के खिलाफ जांच शुरू कर सकता है। दरअसल जेनसोल पर वित्तीय कदाचार और नियमों के उल्लंघन का आरोप लग रहा है। आरोप है कि जेनसोल ने 975 करोड़ रुपये के कर्ज का गलत इस्तेमाल किया।

### सरकार ने वित्तीय रिकॉर्ड की जांच शुरू की

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सरकार ने जेनसोल के रेगुलेटरी फाइलिंग और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच शुरू भी कर दी है। साथ ही सरकार इस बात की भी जांच करेगी कि कंपनी ने कॉरपोरेट गवर्नेंस के नियमों के पालन में लापरवाही तो नहीं की है। सेबी पहले ही जेनसोल इंजीनियरिंग के प्रमोटर्स जग्गी बंधुओं को पूंजी बाजार से प्रतिबंधित कर चुकी है। साथ ही जग्गी बंधुओं को कंपनी में अहम पद संभालने से भी रोक दिया है। सेबी ने भी जेनसोल पर फंड के गलत इस्तेमाल और दस्तावेजों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। सेबी ने फॉरेंसिक ऑडिट का भी आदेश दिया है।

# ई-कॉमर्स के खिलाफ उतरेंगे खुदरा व्यापारी, दुकानदारी-रोजगार को गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप

**नई दिल्ली।** घर बैठे मोबाइल पर आवश्यक वस्तुओं की खरीद किसी क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं रह गया है। खाने–पीने, पहनने और मनोरंजन की वस्तुओं से लेकर अब लगभग हर क्षेत्र की वस्तुएं–सेवाएं ऑनलाइन माध्यम से लोगों को सहज उपलब्ध हैं। इससे लोगों को काफी सहूलियत भी हुई है। लेकिन इससे देश में 11 करोड़ से अधिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले खुदरा बाजार की दुकानदारी नष्ट हो गई है। इसका परिणाम हुआ है कि देश के हर हिस्से में खुदरा दुकानें बंद हो रही हैं और मॉल और बड़ी दुकानों को किराए पर कोई लेने वाला नहीं मिल रहा है। अमेरिका के टैरिफ वॉर के बीच बाजार के विशेषज्ञ मानते हैं कि ऑनलाइन बाजार भारत जैसी अर्थव्यवस्था वाले देशों के खिलाफ एक सुनियोजित षड्यंत्र है। भारत को अपनी 140 करोड़ की आबादी के लिए रोजगार की व्यवस्था करनी सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन ऑनलाइन बाजार लोगों के रोजगार छीन रहा है।



### ई कॉमर्स कंपनियों पर आरोप

खुदरा व्यापार संगठनों का आरोप है कि ई कॉमर्स कंपनियां एक साजिश हैं। खुदरा व्यापारी को कोई वस्तु जिस मूल्य पर मिलती है, ऑनलाइन कंपनियां एक व्यापारिक रणनीति (साजिश) के अंतर्गत उसी वस्तु को उससे कम कीमत पर खुदरा ग्राहकों को उपलब्ध कराती हैं। इससे ग्राहक ऑनलाइन कंपनियों की ओर चला जाता है। लेकिन जब इस कीमत युद्ध में खुदरा व्यापारियों के पैर उखड़ जाते हैं, और वह दुकानदारी से भाग जाता है, यही कंपनियां उसी वस्तु की भारी कीमत उपभोक्ताओं से वसूलती हैं। यानी यह व्यापार नीति न तो ग्राहकों के लिए ठीक है, न ही दुकानदारों के लिए। व्यापारियों की मांग है कि सरकार इसमें नीतिगत हस्तक्षेप करे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? एक ब्राजील के क्लिनिक में 80 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जब एक छात्र नर्स ने उसके IV लाइन के माध्यम से गलती से कॉफी और दूध को दे दिया था।
- एक औसत गाय हर दिन 90 गिलास दूध पैदा करती है – तथा अपने पूरे जीवन में 350,000 गिलास दूध देती है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की 8–औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए आपको एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया और उनके ओलंपिक एथलीटों ने दूध के साथ खुद को ताकत दि थी!
- क्या आप जानते हैं? लैक्टस की दृढ़ता, एक वयस्क के रूप में दूध को पचाने की क्षमता मनुष्यों की क्षमता, एक अद्वितीय उत्परिवर्तन के रूप में, यूरोपियों और यूरोपीय वंश के लोगों के बीच आम है। 90% एशियाई और 100% मूल अमेरिकियों सहित अधिकांश वैश्विक आबादी में, लैक्टोज की कुछ डिग्री असहनीयता होती है।
- एक गाय का थन 25–50 पौंड दूध रख सकता है।
- आपको जानकर हैरानी होगी, नेरो की पत्नी और क्लियोपेट्रा दोनों अपनी त्वचा को फिर से जीवंत करने के लिए दूध में स्नान करने के लिए नियमित रूप से ज्ञात थी। नेरो की पत्नी अपने बाथटब को दूध से भरा रखने के लिए 500 गदहे रखी थीं ताकि शारीर की सभी बीमारियों और धब्बे को दूर कर सकें!

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पत्नी – जान, क्या तुम मेरे लिए शेर को मार के ला सकते हो...?
पति – नहीं बेबी... कुछ और बताओ! मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं...!
पत्नी – क्या तुम्हारा व्हाट्सएप चेक कर सकती हूं...?
पति – कहां है वो शेर, जिसके बारे में तुम बात कर रही थी...

---

टीपू अपनी बीमार दादी को मोहल्ले के डॉक्टर के पास दिखाने ले गया...
डॉक्टर – मुंह खोलो दादी...
दादी – तुम्हारी बीवी रोज शाम को तुम्हारे पड़ोसी से मिलती है...
बस इससे ज्यादा मेरा मुंह मत खुलवाना....

---

दो चूहे पेड़ पर बैठे थे,
नीचे से एक हाथी गुजरा, एक चूहा हाथी पर गिर गया...
तभी दूसरा चूहा बोला, 'दबा कर रख इसे, मैं भी आता हूं...'




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अर्जुन बाबुता मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूके



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए।

विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा। फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरूआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा।

पाटिल के बाहर हो जाने के बावजूद बाबुता शांत रहे और उन्होंने 14वें शॉट के बाद पहली बार बढ़त ले ली। शेंग ने इसके बाद अच्छी वापसी की। बाबुता को एक समय 0.3 अंक की मामूली बढ़त हासिल थी लेकिन चीन के निशानेबाज में 10.9 अंक का निशाना साधकर बढ़त बना दी। बाबुता का अंतिम स्कोर 10.5 फिर से बढ़त हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था, क्योंकि शेंग ने 10.3 के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम पक्का कर दिया।

इससे पहले क्वालिफिकेशन में बाबुता ने पहली रिले में 631.9 का मजबूत स्कोर बनाया, जबकि शेंग ने 635.0 के साथ सहजता से शीर्ष स्थान हासिल किया। पाटिल ने दूसरी रिले में 632.0 का स्कोर बनाकर ग्रुप का नेतृत्व किया और कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के हृदय हजारिका मामूली अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गए और 629.3 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रहे। आईएसएसएफ विश्व कप सर्किट के दूसरे चरण में 10 मीटर एयर राइफल महिला स्पर्धा में आर्या ने शनिवार को 633.9 का शानदार स्कोर बनाकर पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन और स्वर्ण पदक विजेता चीन की वांग ज़िफेई से पीछे रहीं। चीन की निशानेबाज ने इस दौरान तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए। आर्या 24 शॉट के फाइनल के 18वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। उनका स्कोर 188.1 था। चीन ने इस स्पर्धा में तीनों पदक जीते। हान जिया ने रजत जबकि फैन ज़िनी ने कांस्य पदक जीता।

चीन ने इस तरह से तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। भारत अब दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। उसने दूसरे स्थान पर काबिज अमेरिका से एक स्वर्ण पदक कम जीता है। पुरुष ट्रैप में अनुभवी जोरावर संधू और महिलाओं की स्पर्धा में प्रगति दुबे ने 25-25 के पहले राउंड में शानदार शुरूआत की।

जोरावर तीन राउंड के बाद 70 के स्कोर के साथ 21वें स्थान पर जबकि उनकी टीम के साथी पृथ्वीराज टोंडिमन और लक्ष्य श्योराण 69 के स्कोर के साथ क्रमशः 24वें और 25वें स्थान पर हैं। महिलाओं में राष्ट्रीय चैंपियन भव्या त्रिपाठी 69 (24,22,23) अंकों के साथ भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान जबकि प्रगति 68 अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं।

# विमेंस वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगा पाकिस्तान

## पीसीबी चीफ बोले- हाइब्रिड मॉडल के तहत बीसीसीआई और आईसीसी न्यूट्रल वेन्यू का करने ऐलान




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान विमेंस टीम भारत में होने वाले वर्ल्ड कप 2025 में खेलने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान विमेंस टीम ने हाल ही में वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है। भारत 29 सितंबर से 26 अक्टूबर तक होने वाले इस टूनामेंट की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने ऐलान किया है कि उनकी महिला टीम इस साल के आखिर में होने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरूआत में हुए समझौते के तहत हाइब्रिड मॉडल का पालन करते हुए अपने मैच किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी।

टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं गई थी दरअसल पाकिस्तान ने हाल ही में संपन्न हुए चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। टीम इंडिया राजनीतिक कारणों की वजह से पाकिस्तान में जाकर अपने मैच नहीं खेले। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में हुए।

हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी और बीसीसीआई के बीच हुआ समझौता भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनी थी, जिसके तहत भारत और पाकिस्तान के कुउ प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की स्थिति में दोनों को अपने मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने की अनुमति होगी। नकवी ने कहा कि टूनामेंट के मेजबान होने के नाते भारत और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद न्यूट्रल वेन्यू पर फैसला करेंगे।

पाकिस्तान ने अपने सभी पांच मैच जीते पाकिस्तान विमेंस टीम ने लाहौर में आयोजित हुए क्वालिफायर में अपने सभी पांच मैच जीते। उन्होंने आयरलैंड, स्कॉटलैंड, वेस्टइंडीज, थाईलैंड और बांग्लादेश को हराकर मुख्य दौर के लिए आसानी से क्वालीफाई किया। वहीं भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

# जूनियर एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की विजयी शुरूआत, हार्दिक-रुद्राक्ष जीते



**नई दिल्ली।** भारत ने अंडर-15 और अंडर-17 एशियाई जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार शुरूआत की है। भारत की ओर से हार्दिक दहिया और रुद्राक्ष सिंह रिंग में उतरे और उन्होंने जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में हार्दिक (43 किग्रा) ने शनिवार को किर्गिस्तान के कुबनिचबेक बोलुशोव को 5-0 से हराया। रुद्राक्ष (46 किग्रा) ने इसके बाद मंगोलिया के इब्राहिम मराल को 5-0 से आसानी से हराया। यह पहली प्रतियोगिता है जिसका आयोजन एशियाई मुक्केबाजी कर रहा है। इसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन हासिल है। भारत ने टूनामेंट में 56 सदस्यीय टीम उतारी है।

# वानखेड़े में होगा 3 युवा खिलाड़ियों का डेब्यू

## - रचिन रवींद्र और पिछले मैच में डेब्यू कर अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले शेख रशीद का खेलना तय है।

**नई दिल्ली।** आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीमें रविवार को आमने-सामने होंगी। एमएस धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। ये मैच मुंबई के घर वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। आईपीएल-2025 में ये दोनों टीमें पहले भी टकरा चुकी हैं जिसमें चेन्नई ने अपने घर में मुंबई को मात दी थी। अब मुंबई उस हार का हिसाब बराबर करना चाहेगी।

दोनों ही टीमों के लिए जीत काफी जरूरी है। चेन्नई को सात मैचों में दो जीतें मिली हैं तो मुंबई के हिस्से तीन जीतें आई हैं। ऐसे में प्लेऑफ की संभावनाओं को बनाए रखने के लिए दोनों ही टीमों को जीत की सख्त जरूरत हे। इसके लिए दोनों टीमें बड़े बदलाव कर सकती हैं।

रचिन रवींद्र और पिछले मैच में डेब्यू कर अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले शेख रशीद का खेलना तय है। राहुल त्रिपाठी को पिछले मैच में मौका दिया गया था, लेकिन वह एक बार फिर फेल हुए हैं। उनकी जगह धोनी एक और युवा को मौका दे सकते हैं। इस बल्लेबाज का नाम है आयुश महात्रे जो ऋतुराज गायकवाड़ के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में आए हैं।

## एमएस धोनी जूनियर डिविलियर्स को देंगे मौका!




रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, विजय शंकर, एमएस धोनी, अंशुल कम्बोज, नूर अहमद और खलील अहमद का खेलना तय है। जेमी ओवरटन पिछले मैच में खेले थे, लेकिन ब्रेविस की जगह उन्हें बाहर किया जा सकता है।

### मुंबई भी करेगी बदलाव

मुंबई के लिए रोहित शर्मा का फॉर्म चिंता का विषय है, हालांकि टीम उनको बाहर नहीं करेगी। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज रियान रिकेलटन का फॉर्म भी चिंता का विषय है। हार्दिक इस साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज को बाहर कर सकते हैं। उनकी जगह कर्नाटक के बल्लेबाज श्रीजीत कृष्णनन को मौका दिया जा सकता है जो विकेटकीपर भी हैं और बल्लेबाजी भी अच्छी कर सकते हैं। विल जैक्स भी खेलेंगे ही। सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह का खेलना भी पक्का है।

### चेन्नई में होगी जूनियर डिविलियर्स की एंट्री

चेन्नई की टीम में मुंबई के खिलाफ एक बदलाव तय माना जा रहा है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई के गुरजपनीत सिंह चोटिल हो गए हैं और उनकी जगह टीम में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस आए हैं। ब्रेविस को साउथ अफ्रीका में जूनियर एबी डिविलियर्स के नाम से जाना जाता है। एबी डिविलियर्स उनके आदर्श हैं और ब्रेविस उनकी ही तरह खेलते हैं। चेन्नई का मिडिल ऑर्डर कमजोर है ऐसे में ब्रेविस के आने से इसे मजबूती मिल सकती है।

# बेंगलुरु ने पंजाब को सात विकेट से हराया कोहली 73 रन बनाकर नाबाद रहे



**मुंबई।** आईपीएल 2025 के 37वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को उनके घर पर हरा दिया है। टीम ने अब तक अवे मैचों में अपने 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बरकरार रखा है। आरसीबी ने जो तीन मैच गंवाए हैं, वह अपने घरेलू मैदान पर गंवाए हैं। घर से बाहर टीम ने अपने पांचों मैच जीते हैं। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 157 रन बना सकी। जवाब में बेंगलुरु ने 18.5 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

विराट कोहली 73 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, देवदत्त पडिक्कल ने 61 रन बनाए। इस जीत के साथ बेंगलुरु की टीम 10 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, पंजाब की टीम चौथे स्थान पर लुढ़क गई है। उसके भी 10 अंक हैं। पंजाब ने अब तक आठ में से पांच मैच जीते हैं और तीन में हार का सामना करना पड़ा है। बेंगलुरु का अगला मैच 24 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स से बेंगलुरु में है। वहीं, पंजाब का अगला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स से ईडन गार्डेंस में है। इससे पहले क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने अच्छी गेंदबाजी की थी और दो-दो विकेट लिए थे। पंजाब को कम स्कोर पर रोकने में इनका अहम योगदान रहा था। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए थे।

# दिल्ली के खिलाफ जीत के बाद भी शुभमन गिल को झटका, बीसीसीआई ने सुनाई सजा



**नई दिल्ली:** शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ जीटी् अंक तालिका में सबसे ऊपर पहुंच गई है। लेकिन इस खुशी के साथ एक बुरी खबर भी आई। बीसीसीआई ने शुभमन गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। यह जुमार्ना दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में धीमी ओवर गति के कारण लगाया गया है। मैच में जोस बटलर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 97 रन बनाए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने।

### आईपीएल ने बयान जारी किया

गुजरात टाइटंस ने तय समय में पूरे ओवर नहीं फेंके। यह इस सीजन में उनकी पहली गलती थी। इसलिए उन पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल ने अपने बयान में कहा, 'गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर उनकी टीम द्वारा अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के मैच नंबर 35 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुमार्ना लगाया गया है। यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।'

### बटलर ने खेली मैच जीताऊ पारी

मैच में जोस बटलर हीरो रहे। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बटलर ने 54 गेंदों में नाबाद 97 रन बनाए। उन्होंने 4 छक्के और 11 चौके लगाए। बटलर सिर्फ 3 रन से शतक बनाने से चूक गए। उन्हें उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 34 गेंदों में 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से सिर्फ कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को 1-1 विकेट मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 203 रन बनाए थे। दिल्ली की तरफ से कप्तान अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। उन्होंने 32 गेंदों में 2 छक्के और 1 चौका लगाया। करुण नायर ने 31, केएल राहुल ने 28, ट्रिस्टन स्टब्स ने 31 और आशुतोष शर्मा ने 37 रन बनाए।

# आईपीएल के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी



**नई दिल्ली।** 14 साल और 23 दिन की उम्र में आईपीएल में डेब्यू करने वाले वैभव सूर्यवंशी राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए सुपर जाएंट्स के साथ पारी की शुरूआत करते हुए पहले ही गेंद पर छक्का जड़ दिया। वैभव की एंट्री के साथी उनके गांव समस्तीपुर जिले के ताजपुर स्थित जश्न का माहौल हो गया चक्की के गंज इलाके में सुनाई पड़ने लगी चहुओर पटाखा छूटने लगा। हालांकि वैभव सूर्यवंशी के घर पर उनके पिता संजीव सूर्यवंशी और मन नहीं है दोनों देवघर गए हुए हैं। घर पर सिर्फ उनके चाचा राजीव है। वैभव सूर्यवंशी के पड़ोसी संजय नायक बताते हैं कि वैभव सूर्यवंशी बचपन से ही क्रिकेट के जुनून से भरपूर था पिछले वर्ष आईपीएल के लिए इसकी बोली लगी थी उसे समय भी गांव में जश्न मनाया गया था अब वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से निकल रहे चौके छक्के ने गांव वालों का सीना चौड़ा कर दिया है। पहले मैच में उन्होंने 20 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली। इसके साथ ही वह आईपीएल में सिक्सर लगाने वाले सबसे कम उम्र के भी खिलाड़ी बने।

वैभव सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी ने बतलाया कि वैभव सूर्यवंशी बचपन से ही क्रिकेट का शौकीन था उसने 6 साल की उम्र से ही क्रिकेट खेलना शुरू किया उसकी लगन को देखते हुए शहर के पटेल मैदान में इस क्रिकेट का गुरु सीखने के लिए बृजेश झा के पास भेजा गया। बात के दिनों में इसे लेकर वह पटना जाया करते थे।

### कोरोना काल में घर पर प्रैक्टिस के लिए बनाया नेट

कोरोना काल में जब चारों तरफ लॉकडाउन लगा हुआ था तब उस समय घर से बाहर न न इक्लने की स्थिति में वैभव सूर्यवंशी ने प्रैक्टिस के लिए घर के दरवाजे पर ही नेट लगवा दिया था। वह पूरे कोरोना काल में गांव के मित्रों के साथ प्रैक्टिस किये। वैभव सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी बताते हैं कि उन्होंने वैभव को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए बहुत बड़ा त्याग किये हैं। उन्होंने कहा कि कभी वह खुद भी क्रिकेटर थे, इसलिए उन्होंने वैभव सूर्यवंशी के लिए दिन-रात एक की है। खेल की सामग्री में कमी ना आए इसके लिए उन्होंने एक समय में कुछ जमीन भी बेच डाली थी। दोस्तों से कर्ज भी लिया था। वैभव सूर्यवंशी के गांव में आज ग्रामीण जश्न मना रहे हैं। लड़के लोग पटाखे फोड़ रहे हैं। पूरे गांव में जश्न का माहौल है। इस संबंध में ग्रामीण बताते हैं कि वैभव सूर्यवंशी की वजह से आज हमारे गांव की हर जगह पहचान बन रही है।

### पिछले वर्ष आईपीएल के लिए राजस्थान रॉयल ने 1.10 करोड़ में लगाई थी बोली

समस्तीपुर जिले के ताजपुर के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी को गत वर्ष राजस्थान रॉयल ने 1.10 करोड रुपए में बोली लगाकर इनको खरीदा था। इनकी बेस प्राइस 30 लाख रुपए रखी गई थी। उस समय उनकी उम्र 13 साल 242 दिन था। वैभव सूर्यवंशी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए अंदर-19 मैच में भारत की ओर से टेस्ट सीरीज खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 58 गेंद में शतक जड़ा था। वैभव सूर्यवंशी मात्र 14 साल और 284 दिनों की उम्र में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी भी खेल चुके है। रणजी ट्रॉफी में भी उनके अच्छे रिकॉर्ड्स हैं।

### गूगल के सीईओ ने वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की

वैभव सूर्यवंशी के बेहतर प्रदर्शन को देखकर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भी वैभव की काफी तारीफ की है। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने अपने एक हैंडल पर लिखा है कि आठवीं क्लास के बच्चे को आईपीएल में खेलते देखने उन्होंने कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने क्या शानदार डेब्यू किया है।

# बाबर आजम की टीम ने रचा इतिहास दर्ज की पाकिस्तान सुपर लीग के इतिहास की सबसे बड़ी जीत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुपर लीग 2025 का 9वां मैच पेशावर जल्मी और मुल्तान सुल्तान्स के बीच 19 अप्रैल को खेला गया। पेशावर की टीम ने इस मुकाबले में 120 रनों से दमदार जीत हासिल करके इतिहास रच दिया। यह पीएसएल के इतिहास में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले ये रिकॉर्ड लाहौर कलंदर्स के नाम था। मुकाबले में बाबर आजम की कप्तानी वाली पेशावर जल्मी ने पहले बैटिंग करते हुए 228 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली मुल्तान सुल्तान्स सिर्फ 107 रनों पर ढेर हो गई।

इससे पहले पीएसएल में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड लाहौर कलंदर्स के नाम था। उन्होंने 2023 में इस्लामाबाद यूनाइटेड को 119 रन से हराया था। उससे पहले 2022 में मुल्तान सुल्तान ने क्वेटा ग्लेडिएटर्स को 117 रनों से मात दी थी। 2021 में भी मुल्तान सुल्तान ने क्वेटा ग्लेडिएटर्स को 110 रनों से हराया था। वहीं 2023 में लाहौर कलंदर्स ने इस्लामाबाद यूनाइटेड को 110 रन से हराया था। अब पेशावर जाल्मी ने 120 रनों से जीत दर्ज करके ये रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

### पीएसएल में हो रहे हैं एकतरफा मुकाबले

पाकिस्तान सुपर लीग के जारी सीजन में अभी तक एकतरफा मुकाबले देखने को मिले हैं। इस सीजन जारी टूनार्मेंट में किसी भी टीम के लिए रन चेज कर पाना बेहद मुश्किल रहा है। पीएसएल 2025 में शुरूआत के तीन मैचों में दो बार लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने जीत हासिल की। लेकिन फिर अगले छह मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। इन 6 मैचों में 5 बार पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 200 से ज्यादा का स्कोर बना दिया है। इन छह मैचों में एक बार भी लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई है।

### बाबर आजम फिर रहे फ्लॉप

मुकाबले की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए पेशावर जाल्मी ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाए। पेशावर के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज इस मैच में फ्लॉप रहे। कप्तान बाबर का खराब फॉर्म यहां भी जारी रहा। वह 5 गेंदों में 2 रन बनाकर चलते बने। टीम की तरफ से टॉम कोहलर कैडमोर ने 52, मोहम्मद हैरिस ने 45 रन बनाए। वहीं अंत के ओवर में मिचेल ओवन ने 15 गेंदों में 34 रन और अब्दुल समंद ने 14 गेंदों में 40 रनों की पारी खेलकर टीम के स्कोर को 227 तक पहुंचाया। कप्तान बाबर का फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने इस सीजन अब तक 3 मैचों में सिर्फ 3 रन बनाए हैं।

# महावीर फोगाट बोले- विनेश को पैसे का लालच आ गया



**चरखी दादरी।** बॉलीवुड स्टार आमिर खान की दंगल मूवी फेम महावीर फोगाट ने कांग्रेस एमएलए व रेसलर विनेश फोगाट पर सवाल खड़े किए हैं। महावीर विनेश फोगाट के ताऊ भी हैं। द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट ने कहा कि विनेश फोगाट ने उन्हें गुरु का सम्मान नहीं दिया।

हरियाणा की भाजपा सरकार से मिली 4 करोड़ की राशि को लेकर महावीर फोगाट ने कहा विनेश के अंदर लालच आ गया, इसलिए वह गुरु की पुरस्कार राशि और अवॉर्ड भूल गईं।

महावीर दंगल गर्ल के नाम से मशहूर गीता फोगाट और बबीता फोगाट के पिता हैं। प्रदेश सरकार ने हाल ही में पेरिस ओलिंपिक से बिना मेडल लिए लौटीं रेसलर विनेश फोगाट को सिल्वर मेडलिस्ट जैसा सम्मान देने की घोषणा की थी। इसके बाद उन्हें 3 चॉइस दी गईं, जिनमें से विनेश ने 4 करोड़ रुपए का ऑफर स्वीकार कर लिया। महावीर फोगाट ने कहा- हरियाणा सरकार ने विनेश के लिए जो किया है वह आज तक दुनिया में किसी ने किसी के लिए नहीं किया। सरकार ने लेन से हटकर, खेल नीति से अलग जाकर उसे मान-सम्मान दिया है।

# विधायक संजीव शर्मा ने शिव मंदिर पटेल नगर में निःशुल्क नेत्र कैंप का उद्घाटन किया



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को शिव मंदिर पटेल नगर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस निशुल्क नेत्र कैंप शिविर का उद्घाटन विधायक संजीव शर्मा ने किया। मंदिर के महंत विजय गिरी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हिमांशु पाराशर ने कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिव मंदिर पटेल नगर के सेवादारों का हम बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं। शिविर में एमएमजी हॉस्पिटल के डॉ दीपक चौहान एवं चिकित्सकों द्वारा आंखों का परीक्षण कराकर निःशुल्क दवाई दी और ऐनक उपलब्ध कराये गये। शिविर में पटेल नगर और आस-पास के बुजुर्गों और नेत्र रोगियों को फायदा होगा। नेत्र शिविर मे देवी मंदिर के महंत गिरिशानंद गिरी सचिव जूना अखाड़ा, महंत विजय गिरी, ईश्वर पंडित चौपला हनुमान मंदिर, अजय चोपड़ा, अनिल कश्यप, कलुआ कश्यप, भूल्लन चौधरी, एस आर सुथार मीडिया प्रभारी श्रीदुधेश्वरनाथ मंदिर, वीरेंद्र कुमार, गजराज सिंह, मुनींद्र बिल्ला, राकेश त्यागी, पूर्व पार्षद राकेश त्यागी, ओमी शर्मा, समाजसेवी भाजपा नेता हिमांशु पाराशर मौजूद रहे।

# शिक्षक सूबेदार यादव की 15वीं पुण्यतिथि पर समाजसेवी सुरेंद्र यादव ने दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को शिक्षक स्वर्गीय सूबेदार यादव की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर वरिष्ठ समाजवादी नेता समाजसेवी सुरेंद्र यादव (सिकंदर) ने पूरे परिसर की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सूबेदार यादव के विचारों को हम लोगों को अपनाना चाहिए और समाज में समरसता भाईचारा को बढ़ाना चाहिए। इसके बाद सुरेंद्र यादव ने सूर्य पार्क में उनकी याद में पौधों का रोपण किया। सूबेदार यादव के पुत्र गौरव यादव ने कहा कि सभी लोगों को अपनी मां और बाप के याद में पौधे लगाने चाहिए जिससे प्रकृति की सुरक्षा हो सकती है। इस अवसर पर गरिमा शुक्ला ओम प्रकाश शर्मा, अरविंद कुमार, उमेश यादव के साथ विशाल अभिनव संघमित्रा और ममता यादव देवकी दास उपस्थित रहे।

# पार्षद कुसुम गोयल ने राधे कृष्णा पार्क में किया सबमर्सिबल का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर1 में स्थित कामना राधे कृष्णा पार्क में सबमर्सिबल का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल के प्रयासों द्वारा किया गया। इस मौके पर समाजसेवी के एल शर्मा, भाजपा नेत्री विमला भट्ट द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस मौके ओर पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते पानी न होने की वजह से पेड़ पौधे सूख रहे थे। अब सबमर्सिबल लगने से सुचारू रूप से पौधों की सिंचाई हो सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य लगातार हो रहे हैं। इसके लिए महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक आभार व्यक्त किया। वैशाली कामना के लोगों से अपील की गई की पानी की बबार्दी ना करें, पानी की एक-एक बूंद कीमती है। इस अवसर पर मीरा सेंगर, शुभम सिंह, ज्योति, पवित्रा, प्रमोद सेंगर, दुष्यंत गौतम, बीजी सिंह, प्रहलाद सिंह, एएन पाठक, स्वती दुबे, सुरेश राज सिंह, दीपा भाटिया, रेखा शंभू, शशि पाल, चंद्रावती, मनीष पाल, राहुल राणा, अवधेश मिश्रा, पिंकी आदि लोग उपस्थित रहे।




## अगर मैं लहर में जीता तो फिर उनका वार्ड में क्यों हो गया फजीता

बैट्री वाले लाला जी को जब मोहल्ले वाला टिकट मिला तो घरवालों को भी आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास था कि हार जायेगा। साथ वाले यार दोस्तों को ये ही उम्मीद नहीं थी कि ये टिकट मिलेगा। मगर लाला भी टिकट के लिए इसके यहां गये, उसके यहां गये और टिकट ले भी आये। बिरादरी के पुलिस अधिकारी का सपोर्ट मिला और बिरादरी की ही जनप्रतिनिधि का स्नेह मिला तो चुनाव रोचक हुआ। फिर ये हुआ कि बैट्री वाले लाला हारते हारते अचानक से ट्रिपल वन से इलैक्शन विन घोषित हो गये। अब विकास की आंधी उन्हीं के वार्ड में आई है। लाला अब इस बात से कतई इत्तेफाक नहीं रखते कि वो लहर में जीते हैं। वो बताते हैं कि हम से पिछले वाले लहर में जीते थे हम तो अपने दम पर जीते हैं। बात लहर की चली तो उन्होंने शहर के एक वार्ड में एक ऐसे चेहरे का नाम गिनाया जिनके नाम लगातार कई बार जीत का रिकार्ड दर्ज है। मगर ये चेहरा इस बार मौहल्ले के चुनाव में हार गया। उन्होंने कहा वो तो निविरोंध भी जीते और निर्दलीय भी जीते और अगर इतनी ही लहर थी तो हमारे बराबर वाले मौहल्ले में वो खलीफा क्यों हार गये।

## फूल वालों की इन्टरनल फाईट और मौहल्ले में लग गई 5 लाख की लाईट

फूल वाले भी अजीब हैं और इतने अजीब हैं कि कब आपस में करीब हो जायें और कब इंटरनल रकीब हो जायें, पता ही नहीं चलता। उनका वनवास कराना था तो सारे धनुर्धर एक हो गये और उनके जाते ही फिर से अब एक दूसरे पर तीर तान रहे हैं। किस्सा फूल वालों के उस वार्ड का है जहां मामला कूल नहीं चल रहा है। मौहल्ले के पंडित जी कभी दीदी दीदी कहते नहीं थकते थे और अब उन्होंने तीन दीदियों को छोड़कर चौथे भाईसाहब तलाश लिये हैं। पांच लाख की रोशनी से मौहल्ला तब जगमगाया जब विधायक जी ने अपनी निधि से इस काम को संजीवनी दी। विधायक जी काम छोटा करें या बड़ा, उद्घाटन की कैंची उद्घाटन का नारियल, उद्घाटन का फीता सांसद जी ही काटेंगे। लेकिन मौहल्ले वाले पूछ रहे हैं कि चलो वो सब तो ठीक है लेकिन सांसद और विधायक जी इतना तो पूछ ही सकते थे कि हमारी ही पार्टी की पार्षद नजर नहीं आ रही है। जब उन्हें जनरली उस समय ये शिकायत होती थी कि उन्होंने हमें इग्नोर कर दिया तो अब उन्हें भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए। वैसे वो इस मामले में दिल्ली वाले माननीय जी से भी सीख सकते है कि अगर वो रोशनी वाली जगमगाहट के बीच अपनों को आवाज लगाकर बुला सकते हैं तो आप भी लाईट वाले सीन में अपनी पार्षद के सम्मान का ध्यान तो रख ही सकते हैं। अगर आपका प्रोटोकॉल है तो पार्षद भी जनप्रतिनिधि होता है।

## डिप्टी मेयर बनने की आस में वो कर रहे हैं इस समय टू-मच केयर

ख्वाहिशों का काफिला भी बड़ा अजीब होता है। एक ख्वाहिश खत्म होती है कि दूसरी उससे पहले जन्म ले लेती है। जिन्हें कभी ये उम्मीद नहीं थी कि पार्टी उन्हें टिकट दे देगी, उनके साथ डबल कमाल हुआ। कमल वालों ने टिकट दिया और वो जीत भी गये। अब उनकी हसरत है कि एक बार नाम के आगे डिप्टी मेयर लग जाये तो पार्षदी में अलग ही जलवा आ जायेगा। फूल वाले बता रहे हैं कि इस हसरत को पूरा करने के चक्कर में वो केयर वाली कसरत में लगे हुए हैं। कभी इस दर पर तो कभी उस दर पर तो कभी उस वाले दर पर भी वो माथा टेक रहे हैं। अब क्या क्या कर रहे हैं ये तो रहने ही दो लेकिन इतना समझ लो कि एक ख्वाब डिप्टी मेयर का है जिसके लिए वो दूसरों की घर घर जाकर उनके दफ्तर तक जाकर टू मच केयर कर रहे हैं।

# स्कूली बच्चों के आधार कार्ड ना बने होने की परेशानी को देखते हुए आधार कार्ड शिविर लगाने पहुंचा राष्ट्रीय व्यापार मंडल





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने गोविंदपुरम स्थित रेडियंट पब्लिक स्कूल में आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर विनीता त्यागी के नेतृत्व में किया गया। आधार कार्ड शिविर में श्रेया आई सेंटर, इंदिरापुरम के डायरेक्टर नेत्र सर्जन डॉ. विकास वीरवाल द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर भी आयोजित किया गया। दोनों शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित रहे, जिनमें सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। आधार शिविर में 18 वर्ष से ऊपर तथा सभी आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्ड में सुधार एवं बदलाव की सुविधा दी गई। वहीं, नेत्र जांच शिविर में मुफ्त आंखों की जांच की गई। शिविर का उद्घाटन मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया।

जनपद गाजियाबाद में आधार कार्ड पर लगती लंबी लाइन को देखते हुए आधार कार्ड शिविर लगवाने का संकल्प राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता की अगुवाई में राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, पंडित अशोक भारतीय ने अपना सहयोग प्रदान करते हुए दोहराया है। अब इसी कड़ी में अगला शिविर 27 अप्रैल 2025 दिन रविवार को केजी 35 कविनगर में सेवार्थ रहेगा। शिविर कार्यक्रम के दौरान आशु पंडित, पार्षद अमित डबास, विनीत त्यागी, परितोष त्यागी, राजा त्यागी तथा विद्यालय प्रबंधन से विनय त्यागी, विमल त्यागी , प्रियंका शाह , वीणा कुमारी, रिंकी झा, राखी भटनागर, कविता पारछा, शालू, अंजलि, ऋचा बंसल आदि स्टॉफ ने आधार कार्ड शिविर में पहुंच कर सहयोग प्रदान किया। सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्या डॉ. विनीता त्यागी व विद्यालय के प्रबंधक विनय त्यागी द्वारा पटका पहनाकर किया गया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. विनीता त्यागी ने कहा, अक्सर स्कूली बच्चों के आधार कार्ड ना बने होने की परेशानी को देखते हुए हमने आधार कार्ड शिविर लगाने का आग्रह राष्ट्रीय व्यापार मंडल से किया था। राष्ट्रीय व्यापार मंडल का यह सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय है। हम उनके सहयोग के लिए आभारी हैं और आगे भी ऐसे आयोजनों में भागीदारी के लिए तत्पर हैं। शिविर में लगभग 197 आधार कार्ड बनाने व संशोधन करने का कार्य किया गया। आंखों की जांच में लगभग 288 लोगों ने नेत्र शिविर का लाभ उठाया।

# मातृभूमि सेवा संघ ने गोल्ड मेडलिस्ट अजय त्यागी का किया सम्मान



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने गांव सारा निवासी अजय त्यागी को आस्ट्रेलिया में आयोजित इंटरनेशनल नौकायन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर संघ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बताते चले कि मोदीनगर तहसील के गांव सारा निवासी अजय त्यागी भारतीय सेना मे सूबेदार के पद पर तैनात है। मुझे विदेशी धरती पर भारत का मान बढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने अजय त्यागी की माता व पिता राकेश त्यागी को भी पटका पहनाकर अभिनन्दन किया और कहा कि खिलाडी व सैनिक को तैयार करने में माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रत्येक उपलब्धि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा और देशवासियो को गौरवान्वित करती है। इस अवसर पर विकास भारतीय, आशुतोष सक्सेना, पवन चैधरी, राजीव सैन, अविनाश झा, खुशाल नेगी, डॉ0 राहुल सैन, अलोक ठाकुर व योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# तीन बच्चों की मां देवर संग फरार, 1.15 लाख की नकदी-जेवर भी ले गई



**हापुड (करंट क्राइम)।** हापुड़ के दिल्ली रोड स्थित मोहल्ला रामगढ़ी में एक महिला अपने देवर के साथ फरार हो गई। महिला अपने तीन बच्चों को छोड़कर चली गई। पीड़ित पति अर्जुन ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पत्नी की तलाश में मदद मांगी है। अर्जुन की शादी 2017 में ग्रेटर नोएडा एनटीपीसी के जारचा गांव की लक्ष्मी से हुई थी। शादी के बाद दंपति के तीन बच्चे हुए। अर्जुन गाड़ियों पर पेंटिंग का काम करता है। उसकी पत्नी लक्ष्मी पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई दीपू के साथ फरार हो गई। पति का आरोप है कि लक्ष्मी घर से 15 हजार रुपए नकद और करीब एक लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर भी ले गई है।




## अभी शुरु होने हैं कई और अभियान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक के बाद एक नए अभियान शुरू हो रहे हैं। जिनकी सोशल मीडिया से लेकर लोगों के बीच का चर्चा हो रही है। पुलिसकर्मियों पर जहां शुरूआती दौर में थोड़ा वर्कलोड बढ़ा है, पर अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग के लिहाज से उन्हें भी समझ आ रहा है कि आने वाले दिनों में स्थिति पुलिस कमिश्नरेट में अंडर कंट्रोल होगी। जिस तरीके से पुलिस कमिश्नर द्वारा पहले ही दिन मधुबन बापूधाम थाने, फिर रविवार को घंटाघर कोतवाली का निरीक्षण किया है। तो साइबर सेल से लेकर पुराने कार्यालय भी देखे गए हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद एफआईआर की कॉपी को पीड़ित यानी वादियों के घर तक पहुंचाने के कार्य की जमकर सराहना हो रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से सभी थानों में अब पहरा ड्यूटी लगने लगी है, तो वहीं सुनने में आ रहा है कि जल्द ही थानों के और सर्किल वाले अधिकारियों के वायरलेस सिस्टम और हैंडसेट की भी आवाज सुनाई देगी, जो लंबे समय से विशेष मौकों पर ही इस्तेमाल किए जाते थे। वही सुनने में आ रहा है कि आने वाले




कुछ दिनों में पुलिस कमिश्नरेट ऑफिस में भी कई तरीके की नई व्यवस्थाएं शुरू होने वाली हैं। तो वहीं जिन भी फरियादियों के प्रार्थना पत्र पुलिस कमिश्नर के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे, उनको 24 घंटे के भीतर संज्ञान में लेकर कार्रवाई भी करनी होगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्राउंड लेबल पर पुलिसिंग करनी शुरू कर दी है, इसका असर आने वाले दिनों में दिखाई देगा। जिस तरीके से क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस कमिश्नर ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि उनके इलाके में अगर किसी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री और गतिविधियां चलती पाई गई, तो उनपर भी कार्रवाई होगी। वैसे बताया जा रहा है कि कार्यालय के साथ ही कैंप कार्यालय पर भी अब व्यवस्था बदलने वाली है। वहीं कुछ दिनों के फीडबैक के बाद कहा जा रहा है कि नए फेस और नए प्लेस तलाशने का भी काम शुरू हो जाएगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार से पुलिस ऑफिस का माहौल और भी बदलाव की ओर बढ़ने वाला है। तो वही व्यवस्थाओं में भी कई नई तैयारी शुरू होनी है। जिनके आदेश दिए जा चुके हैं। वहीं कई और अभियान आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की इमेज को निखारने का काम करें।

# 10 बीघा गेहूं की फसल बिजली की चिंगारी से जलकर हुई राख



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** तहसील के गांव महम्मदपुर मतोर में करीब 10 बीघे गेहूं की फसल बिजली के तार आपस में टच होने से निकली चिंगारी लगने से जलकर राख हो गई। गांव मोहम्मदपुर मतोर निवासी रामवीर त्यागी व यामीन के खेत में बिजली के तार आपस में टच हो जाने से निकली चिंगारी लगने से उनकी करीब 10 बीघे गेहूं की फसल जल गई। जिसे उन्हें लाखों की क्षति होना बताया जा रहा है। भाकिये (किसान सभा) के सतेन्द्र त्यागी ने बताया कि हर साल क्षेत्र में बिजली के तारों से निकली चिंगारी लगने व बिजली विभाग की लापरवाही से गेहूं व गन्ने की फसल जल जाती है। संगठन के जिला प्रभारी रोहित त्यागी ने बताया हर वर्ष बिजली विभाग की लापरवाही के कारण कितने आम के पेड़ झुलस जाते हैं। उनेंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र ही बिजली विभाग बिजली के तार जो लटक रहे हैं, उनको ठीक नहीं कराता है तो बड़ा आंदोलन किया जायेंगा। उन्होंने जली फसल का सर्वे कराकर बिजली विभाग द्वारा दोनों किसानों को उचित मुआवजा दिलायें जाने की मांग भी की है।

# एसआरएस इंस्टिट्यूट में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएस इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन एंड टेक्नोलॉजी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्रों का वितरण सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान व पूर्व विधायक चैधरी जितेंद्र सतवाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान महाविद्यालय में एनसीसी के छात्रा-छात्राओं की प्रस्तुति देख बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि गेझा ग्राम मेरा क्षेत्र है और मुझे प्रसन्नता है, कि एसआरएस महाविद्यालय क्षेत्र के बच्चों को महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह के बागपत संसदीय क्षेत्र के टिकट मिलने पर लोकदल अध्यक्ष जयंत चैधरी को हार्दिक धन्यवाद दिया। महाविद्यालय सचिव अजय शर्मा ने महाविद्यालय की उपलब्धियो के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की अध्यक्षता कुसुमलता, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू सेठी व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप चैधरी, सतेंद्र, अरुण शर्मा, देवेंद्र त्यागी, रणवीर सिंह, ऋषिराज मास्टर जी, पुनीत नागा, योगेंद्र प्रधान आादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अजय कुमार गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुएं धन्यवाद दिया। महाविद्यालय की ओर से प्रमुख रूप से विजय शर्मा, रूचिन शर्मा, अंकुर मित्तल, लोकेश चैहान, शिवम गौड़, सुधीर शर्मा व अन्य सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हाई टेंशन लाइन की चिंगारी से फर्नीचर शोरूम में लगी आग, एक घंटे में पाया काबू



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र में स्थित गौर सिटी-2 में एक फर्नीचर शोरूम में आग लग गई। गुरुद्वारे के पास स्थित टीन शेड वाली इस दुकान में लगी आग इतनी तेज थी कि पास की शराब की दुकान तक फैल गई। दमकल विभाग को सूचना मिलते ही तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर टीम ने एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के अनुसार, दुकान हाई टेंशन लाइन के नीचे स्थित थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हाई टेंशन लाइन से निकली चिंगारी के कारण आग लगी। घटना के समय मार्केट में अफरा-तफरी मच गई। यह एक व्यस्त बाजार क्षेत्र है, जहां कई दुकानें मौजूद हैं। हालांकि, दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ी दुर्घटना टल गई। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। यह घटना भी इसी कड़ी का हिस्सा है।

# बालिकाओं की रचनात्मकता ने 'नारा लेखन प्रतियोगिता' में जीता दिल



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन द्वारा बढ़ते कदम परियोजना के अंतर्गत रविवार को विजयनगर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न आयवर्ग की बालिकाओं के लिए चार्ट पेपर पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं की रचनात्मकता को मंच देना, सामाजिक मुद्दों पर उनकी सोच को उभारना और उनमें आत्मविश्वास का विकास करना था। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन की सफल परियोजना बढ़ते कदम के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से हर रविवार को अंग्रेजी बोलने की निःशुल्क कक्षाएं चलाई जाती हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी बालिकाएं उन्हीं अंग्रेजी कक्षाओं की छात्राएं थीं, जो नियमित रूप से इन कक्षाओं में भाग लेकर स्वयं को शिक्षा से सशक्त बना रही हैं। बालिकाओं ने सामाजिक मुद्दों जैसे बेटी बचाओं शिक्षा का अधिकार पर्यावरण संरक्षण, और स्वच्छता जैसे विषयों पर सुंदर, प्रभावशाली व विचारोत्तेजक नारे चार्ट पेपर पर प्रस्तुत किए। इन नारों में उनकी रचनात्मकता, जागरूकता व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता स्पष्ट रूप से झलक रही थी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि व निर्णायक रुचि गुप्ता रहीं, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि इन बच्चियों के भीतर जो आत्मविश्वास और सृजनात्मकता है, वह सराहनीय है। ऐसे मंच उन्हें अपनी पहचान बनाने में मदद करते हैं। संस्था की संस्थापक सचिव डॉ0 सोनिका जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसने स्वतंत्रता सैनानी भगत सिंह विषय पर अत्यंत प्रभावशाली नारा प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली सभी बालिकाओं को अंत में उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर कविता गुप्ता, अलका चैधरी व ज्योति रानी, ध्वनि जैन आदि उपस्थित रहीं।

# एसी में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, परिवार ने छत पर जाकर बचाई जान



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के सेक्टर 46 में सोमवार तड़के करीब 4:30 बजे एक मकान के दूसरी मंजिल पर आग लग गई। एसी में शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई आग देखते ही देखते पूरे कमरे में फैल गई। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार के अनुसार, आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कमरे में सो रहे लोगों को आग का पता चलते ही वे तुरंत छत पर चले गए। इससे कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। कमरे के बाहर लगे एसी से शुरू हुई आग की सटीक वजह की जांच की जा रही है।

# राजशाही समर्थकों का सरकार को ठेंगा!

## चेतावनी के बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया

**काठमांडू।** नेपाल की राजशाही समर्थक ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार के साथ आर-पार के मूड में है। दरअसल रविवार को नेपाल की राजशाही समर्थक राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) राजधानी काठमांडू में विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस प्रदर्शन को लेकर नेपाल सरकार के गृह मंत्रालय ने चेतावनी दी थी कि प्रदर्शनकारी प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रदर्शन न करें, लेकिन चेतावनी के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने प्रतिबंधित क्षेत्र में भी विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों नेताओं और कार्यकताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास और संसद भवन के पास विरोध रैली निकाली और राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग की।



बिजुलीबाजार-बानेश्वर क्षेत्र में रविवार को एकत्र हुए लगभग 1,500 प्रदर्शनकारियों ने 'गणतंत्र प्रणाली मुदार्बाद', 'हमें राजशाही वापस चाहिए', 'भ्रष्ट सरकार मुदार्बाद', 'नेपाल को हिंदू राज्य के रूप में स्थापित करो' जैसे नारे लगाए और तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेंद्र लिंगदेन, वरिष्ठ नेता पशुपति शमशेर राणा और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ध्रुब बहादुर प्रधान सहित अन्य लोगों ने किया। प्रदर्शन को देखते हुए काठमांडू में प्रमुख स्थानों पर हजारों की संख्या में दंगा रोधी पुलिस तैनात की गई है। राजशाही समर्थकों के एक समूह ने नया बनेश्वर क्षेत्र में स्थित संसद भवन के पास विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही भद्रकाली में पीएम कार्यालय, सरकारी सचिवालय भवन के पास भी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया।

### बैठकों का दौर जारी

नेपाल में राजशाही समर्थक विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए प्रधानमंत्री के आवास पर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल के बीच अहम बैठक हुई। इस बैठक में गणतांत्रिक व्यवस्था और लोकतंत्र के समर्थन में एकजुट होने पर सहमति बनी। गौरतलब है कि राजशाही समर्थक ताकतों ने राजशाही को बहाल करने के उद्देश्य से काठमांडू के तिनकुने इलाके में बीते मार्च के अंत में विरोध प्रदर्शन किया था, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी और सैंकड़ों अन्य घायल हुए थे। रविवार के विरोध प्रदर्शन से पहले पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने भी अपने निवास पर आरपीपी के नेताओं और राजशाही समर्थक नेताओं से मुलाकात की थी।

### आरपीपी के ऐलान पर गृह मंत्रालय की चेतावनी

दरअसल राजशाही समर्थक आरपीपी ने विरोध प्रदर्शन के दौरान सरकार द्वारा तय प्रतिबंधित क्षेत्रों को तोड़ने की अपनी मंशा को खुले तौर पर घोषित किया था। जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए गृह मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि कानून का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने बयान में कहा, 'गृह मंत्रालय ने 20 अप्रैल, 2025 को कानूनी रूप से तय किए गए निषिद्ध क्षेत्रों का उल्लंघन करने की योजना के बारे में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नाम से जारी समाचार रिपोर्टों और सार्वजनिक बयानों को गंभीरता से लिया है।' गृह मंत्रालय ने कहा कि संविधान और कानून के उल्लंघन को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों या समाज में अराजकता फैलाने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कनाडा में खालिस्तानियों का उपद्रव

## गुरुद्वारे में तोड़फोड़ के बाद दीवार पर लिखा 'खालिस्तान जिंदाबाद'

**कनाडा।** कनाडा में खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने मंदिरों और दूतावास के बाद अब गुरुद्वारे को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उपद्रवियों ने न सिर्फ गुरुद्वारे में तोड़फोड़ की बल्कि उसकी दीवारों पर स्प्रे पेंट से खालिस्तान जिंदाबाद लिख दिया। जहां ये घटना हुई उसे वैंकूवर का केडीएस गुरुद्वारा कहा जाता है। इसे रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारे के नाम से भी लोग जानते हैं।

कनाडा के वैंकूवर में एक प्रमुख गुरुद्वारे में रातभर खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथियों ने तोड़फोड़ की, जिससे स्थानीय सिख समुदाय में आक्रोश फैल गया। यह घटना खालसा दीवान सोसाइटी (केडीएस) गुरुद्वारे में हुई, जिसे आमतौर पर रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा के रूप में जाना जाता है।

गुरुद्वारा प्रशासन ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर तस्वीरें साझा कीं, जिसमें मंदिर के पार्किंग स्थल के आसपास की दीवार पर कई स्थानों पर खालिस्तान शब्द स्प्रे-पेंट किया गया था। कनाडाई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वैंकूवर पुलिस विभाग वर्तमान में घटना की जांच कर रहा है।




### गुरुद्वारा प्रशासन ने की निंदा

एक बयान में, केडीएस ने इस कृत्य की निंदा की, इसे समुदाय के भीतर भय और विभाजन फैलाने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास बताया। गुरुद्वारा कमेटी की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि खालिस्तान की वकालत करने वाले सिख अलगाववादियों के एक छोटे समूह ने 'खालिस्तान जिंदाबाद' जैसे विभाजनकारी नारों के साथ हमारी पवित्र दीवारों को खराब कर दिया। केडीएस ने पिछले सप्ताहांत वैंकूवर में अपनी वैसाखी परेड आयोजित की थी और खालिस्तान समर्थक समूहों को इस कार्यक्रम में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया था। इस बीच, केडीएस गुरुद्वारा प्रवक्ता जग संघेरा ने सीटीवी न्यूज को बताया कि तोड़फोड़ व्यापक थी। 1906 में स्थापित, रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा कनाडा में सबसे पुराने और सबसे महत्वपूर्ण सिख संस्थानों में से एक है।

# लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी अमेरिका के दो दिवसीय दौरे पर

**न्यूयॉर्क।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी अमेरिका के दो दिवसीय दौरे पर हैं। राहुल शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के बोस्टन लोगान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। यहां उनका बहुत गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी रोड आइलैंड में ब्राउन विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे। यहां वे संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। राहुल एनआरआई समुदाय के सदस्यों, पदाधिकारियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के सदस्यों के साथ बातचीत भी कर सकते हैं।



### राहुल का पूरा कार्यक्रम

इससे पहले कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था, 'पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी 21 और 22 अप्रैल को रोड आइलैंड, अमेरिका में ब्राउन विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे। राहुल वहां संबोधन भी देंगे। वे विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ बातचीत करेंगे।'

पिछले दौरे के बयानों ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था

राहुल गांधी की पिछली यात्रा ने भारत में आरक्षण प्रणाली को खत्म करने के बारे में उनकी टिप्पणी के बाद राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था। उन्होंने कहा था कि जब देश एक निष्पक्ष स्थान बन जाएगा तो भारत में आरक्षण प्रणाली को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने जाति जनगणना की आवश्यकता पर भी जोर दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि देश की 90 प्रतिशत आबादी ओबीसी, दलित और आदिवासी है। उसे पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। जब हम संस्थानों, व्यवसायों और मीडिया पर कब्जे की बात करते हैं, तो भारत के 90 प्रतिशत ओबीसी, दलित, आदिवासी खेल का हिस्सा ही नहीं हैं। यह वास्तव में कमरे में हाथी है। सैम पित्रोदा ने स्वागत किया इससे पहले राहुल गांधी का अमेरिका में कांग्रेस के ओवरसीज चीफ सैम पित्रोदा ने स्वागत किया। उन्होंने राहुल गांधी को युवाओं, लोकतंत्र और बेहतर भविष्य की आवाज बताया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पित्रोदा ने लिखा, 'राहुल, आपका अमेरिका में स्वागत है! युवाओं, लोकतंत्र और बेहतर भविष्य की आवाज। आइए सुनें, सीखें और साथ मिलकर निर्माण करें।'

### हाल के महीनों में राहुल की अमेरिका की दूसरी यात्रा

हाल के महीनों में यह राहुल गांधी की अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले सितंबर 2024 में राहुल गांधी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा की थी। अपनी यात्रा के दौरान वे डलास गए थे, जहां उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत की थी और भारतीय प्रवासियों के सदस्यों को संबोधित किया था। डलास से राहुल वाशिंगटन डीसी गए, जहां उन्होंने जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी की यह पहली अमेरिका यात्रा थी।

# पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू मंत्री पर हमला, प्रदर्शनकारियों ने टमाटर-आलू फेंके

**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कोहिस्तानी को फोन किया और उन्हें घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'जन प्रतिनिधियों पर हमला अस्वीकार्य है। घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी।'

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक हिंदू राज्य मंत्री पर प्रदर्शनकारियों ने हमला बोल दिया। उन्होंने नई नहरों की योजना के खिलाफ रैली निकाली थी। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सांसद खेल दास कोहिस्तानी, धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री शनिवार को थट्टा जिले से गुजर रहे थे। तभी उनके काफिले पर प्रदर्शनकारियों ने टमाटर और आलू फेंके गए। उपद्रवियों ने संघीय सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। अधिकारियों ने कहा कि हमले में कोहिस्तानी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।



### प्रधानमंत्री शरीफ ने कोहिस्तानी को फोन किया

समाचार एजेंसी पीटीआई ने रेडियो पाकिस्तान के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कोहिस्तानी को फोन किया और उन्हें घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'जन प्रतिनिधियों पर हमला अस्वीकार्य है। घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी।' सूचना मंत्री अत्ता तरार ने सिंध के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) गुलाम नबी मेमन से घटना का ब्योरा मांगा और संघीय आंतरिक सचिव से रिपोर्ट मांगी।

### घटना की कड़े शब्दों में निंदा

सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने भी इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। बयान में शाह ने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हैदराबाद क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक को हमले में शामिल बदमाशों को तुरंत गिरफ्तार करने और एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

नेशनल असेंबली की वेबसाइट पर व्यक्तिगत विवरण के मुताबिक, कोहिस्तानी सिंध के जमशोरो जिले से हैं। 2018 में पीएमएल-एन से पहली बार संसद के सदस्य के रूप में चुने गए थे। पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद उन्हें 2024 में फिर से चुना गया। उन्हें राज्य मंत्री बनने के लिए पदोन्नति मिली।

# कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार देने से किया मना, सुप्रीम कोर्ट में दी बेतुकी दलील

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक चाल चली है और भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार देने से मना कर दिया है। कुलभूषण जाधव पर पाकिस्तान भारतीय जासूस होने का आरोप लगाता है। अब पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने वहां के सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि कुलभूषण जाधव को अंतरराष्ट्रीय न्याय न्यायालय (क्ळख) से सिर्फ काउंसुलर एक्सेस देने का आदेश दिया गया था और कुलभूषण जाधव के पास अपील करने का अधिकार नहीं है।



पाकिस्तानी रक्षा मंत्रालय ने किया दावा

दरअसल पाकिस्तान का सुप्रीम कोर्ट पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद 9 मई 2023 को पाकिस्तान में भड़की हिंसा के आरोपियों के मामले पर सुनवाई कर रहा था। इस दौरान दावा किया गया कि हिंसा के लिए सैन्य अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए लोगों को अपील का अधिकार नहीं दिया गया है, जबकि भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार दिया गया है। इसके जवाब में ही पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार नहीं दिया गया है बल्कि उन्हें आईसीजे के आदेश के बाद सिर्फ काउंसुलर एक्सेस दिया गया था।

### कुलभूषण जाधव पर पाकिस्तान लगाता है जासूसी का आरोप

कुलभूषण जाधव एक सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी हैं, जो सेवानिवृत्ति के बाद ईरान के चाबहार में व्यवसाय कर रहे थे। साल 2016 में पाकिस्तान ने कथित तौर पर कुलभूषण जाधव का अपहरण कर लिया और उन पर भारत का जासूस होने का आरोप लगाकर जेल में बंद कर दिया। एक साल बाद यानी 2017 में पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने जासूसी के आरोप में कुलभूषण जाधव को मौत की सजा सुना दी। भारत ने इस फैसले का कड़ा विरोध किया और इसके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्याय न्यायालय में अपील की।

# कश्मीर के खिलाफ नई साजिश रच रहा पाक, अब हमास के जरिए जैश को मजबूत करने की कोशिश

**श्रीनगर।** फिलस्तीनी आतंकी संगठन हमास अब जम्मू कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के साथ अपने गठजोड़ को आगे बढ़ाने के लिए उनके जिहादी कैडर को ट्रेनिंग देने के साथ अपने कैडर को भी कश्मीर भेजेगा। हमास जैश के शीर्ष कमांडरों से मिला हमास के कमांडरों के एक दल शनिवार को पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश के शीर्ष के कमांडरों के साथ उनके मुख्यालय में मुलाकात की है। लेकिन यह पता पता नहीं चल पाया है कि इस बैठक में जैश सरगना अजहर मसूद शामिल था या नहीं। हमास व जैश कमांडरो की बैठक से आने वाले दिनों में कश्मीर में जैश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की आशंका पैदा हो गई। हमास कमांडर डॉ खालिद अल कदूमी व उनके कुछ अन्य साथियों को पहली बाहर पांच फरवरी 2025 को गुलाम जम्मू कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडरो के साथ एक भारत विरोधी रैली में देखा गया था। हमास कमांडरों ने कश्मीर पर भारत के अधिकार को समाप्त करने तक लश्कर व जैश की भारत विरोधी गतिविधियों का समर्थन करने और उन्हें सहयोग का यकीन दिलाया था।



### हमास और जैश के गठजोड़ पर कुछ कहना जल्दबाजी: पुलिस

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभी हमास और जैश के गठजोड़ को लेकर कुछ कहना जल्दबाजी हो सकता है। लेकिन हमें यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि हमास एक सुन्नी मुस्लिमों का एक आतंकी संगठन है। यह उसी विचारधारा का समर्थक है जो आईएसआईएस, जैश और लश्कर जैसे संगठनों की है। आप इन्हें बरेलवी या देवबंदी या बहावी में बांटने की बात करने के बजाय इन्हें एक ही रूप में देखें।

### हमास ने कश्मीर में आजादी के नारे का किया समर्थन

संबधित सूत्रों ने बताया कि हमास कमांडरों का जैश ए मोहम्मद के मुख्यालय में जाना, कश्मीर में जारी जैश की गतिविधियों के संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि हमास ने कई बार कश्मीर में आजादी के नारे का समर्थन किया है और कश्मीर घाटी में कई बार आतंकियों और अलगाववादियों के समर्थकों ने अपनी रैलियों में हमास के पक्ष में नारेबाजी की है। उन्होंने बताया कि हमास कमांडरों का जैश के मुख्यालय में जिस तरह से स्वागत किया गया है, उससे पता चलता है कि पाकिस्तान की सरकार और सेना का इस गठजोड़ को पूरा समर्थन प्राप्त है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि जैश ए मोहम्मद का सरगना अजहर मसूद जिसके बीमार होने की खबरें आती रहती हैं, वह बहावलपुर में ही मौजूद है। विगत पांच वर्षों के दौरान जैश ए मोहम्मद ने कश्मीर में जिस तरह से कश्मीर टाइगर्स, द कश्मीर स्ट्राइकर्स, पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट, गजनवी फोर्स जैसे अपने छदम संगठनों के जरिए आतंकी गतिविधियों को अंजाम दिया है। वह इनमें और तेजी लाने के लिए बीते कुछ समय से प्रयास कर रहा है। हमास का साथ मिलने से कश्मीर में सक्रिय आतंकियों व उनके समर्थकों का मनोबल बढ़ सकता है।

# पूर्व सीनेटर रॉबर्ट एफ केनेडी की हत्या से जुड़े गोपनीय दस्तावेज जारी, बेटी ने जताई नाराजगी

**वॉशिंगटन।** रॉबर्ट केनेडी की बेटी कैरी ने कहा कि हम अपने पिता को जिस तरह से याद करते हैं, हम उन्हें उस तरह से नहीं देख पाएंगे बल्कि अब हमें ओटॉप्सी रिपोर्ट, पोस्टमार्टम की तस्वीरों को देखना पड़ेगा और यह बेहद दर्दनाक है। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पूर्व सीनेटर रॉबर्ट एफ केनेडी की हत्या से जुड़े गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक कर दिए हैं। इन दस्तावेजों को सार्वजनिक किए जाने पर रॉबर्ट एफ केनेडी की बेटी कैरी ने निराशा जाहिर की है और कहा है कि उन्हें इससे बहुत दुख हुआ है। कैरी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ये बेहद दर्दनाक है कि हमें उनके पोस्टमार्टम के दौरान की तस्वीरें देखनी पड़ रही हैं।



### क्या बोलीं कैरी केनेडी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी और उनके भाई रॉबर्ट एफ केनेडी की 60 के दशक में हत्या कर दी गई थी। दोनों की हत्या से जुड़े दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग हो रही थी। जिसके बाद अमेरिकी सरकार ने जॉन एफ केनेडी, रॉबर्ट केनेडी और नागरिक अधिकार नेता मार्टिन लूथर किंग की हत्या से जुड़े गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक कर दिए हैं। इस संबंध में राष्ट्रपति ट्रंप ने जनवरी में ही कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए रॉबर्ट केनेडी की बेटी कैरी ने कहा कि हम अपने पिता को जिस तरह से याद करते हैं, हम उन्हें उस तरह से नहीं देख पाएंगे बल्कि अब हमें ओटॉप्सी रिपोर्ट, पोस्टमार्टम की तस्वीरों को देखना पड़ेगा और यह बेहद दर्दनाक है। कैरी ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि इनकी सरकार में अनगिनत लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। कैरी केनेडी ने अल सल्वाडोर निर्वासित किए गए गार्सिया का जिक्र किया। साथ ही नौकरी से निकाले गए संघीय कर्मचारियों, ट्रांसजेंडर्स को हो रही परेशानी की ओर भी इशारा किया। कैरी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन को लगता है कि वे हमें दफना सकते हैं, लेकिन हम इन परेशानियों से उभरेंगे और मजबूत होकर आएंगे।'

### हत्या से जुड़े 10 हजार पन्ने सार्वजनिक किए गए

गोपनीय दस्तावेजों को सार्वजनिक करने का एलान करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अब सबकुछ सामने आ जाएगा। दरअसल केनेडी बंधुओं की हत्या को लेकर कई षडयंत्र सिद्धांत है। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया था कि 'उन्हें गोपनीयता हटाने के प्रयास करने और सच्चाई पर प्रकाश डालने का सौभाग्य मिला है, जो लंबे समय से अटका हुआ था।' हाल ही में अमेरिकी सरकार ने रॉबर्ट कैनेडी की हत्या की जांच से जुड़े 10,000 पन्नो को सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। केनेडी के बेटे रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर ट्रंप के करीबी हैं और फिलहाल ट्रंप प्रशासन में स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव के रूप में काम कर रहे हैं।

# परमाणु समझौते पर नया मोड़, रोम में ईरान और अमेरिका ने मिलाया सुर, बातचीत की बढ़ी उम्मीद





**रोम।** परमाणु समझौते को लेकर चल रहे तनाव के बीच ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत का दूसरा दौर शनिवार को इटली की राजधानी रोम में संपन्न हुआ। ईरान के विदेश मंत्री ने बताया कि बातचीत में कुछ बुनियादी मुद्दों पर सहमति बन रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी विशेषज्ञों की बातचीत बुधवार से शुरू होगी। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत का दूसरा दौर शनिवार को इटली की राजधानी रोम में संपन्न हुआ। बातचीत के बाद दोनों देशों की ओर से इस बार थोड़ी सकारात्मकता दिखाई दी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने मामले में बताया कि कुछ मुद्दों पर सिद्धांत रूप में सहमति बनी है और आगे बढ़ने की उम्मीद है। बता दें कि यह वार्ता पिछले हफ्ते ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहली बैठक के बाद हुई। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने की, जबकि ईरान की ओर से अब्बास अरागची शामिल हुए।

### ईरान के विदेश मंत्री ने दी जानकारी

चार घंटे चली इस बैठक के बाद अरागची ने कहा कि बातचीत में कुछ बुनियादी मुद्दों पर सहमति बन रही है। साथ ही यह भी बताया गया कि तकनीकी विशेषज्ञों की बातचीत बुधवार से शुरू होगी, जबकि तीसरे दौर की वार्ता अगले शनिवार मस्कट में होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ओमान ने एक बार फिर मध्यस्थ की भूमिका निभाई और दोनों पक्ष सीधे आमने-सामने नहीं बैठे। बल्कि वे अलग-अलग कमरों में बैठकर ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी के जरिए बातचीत करते रहे।

### अमेरिका और ईरान के बीच, समझिए पूरा मामला

ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर विवाद के कारण पर प्रकाश डाले तो अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन बंद करे, क्योंकि उसे शक है कि इसका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है। दूसरी ओर ईरान का कहना है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है। लेकिन वह मानता है कि उसकी अर्थव्यवस्था पर लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने के लिए वह कुछ समझौते करने को तैयार है।

### स्टीव विटकॉफ ने दी जानकारी

इस वार्ता को लेकर अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि किसी भी समझौते का मकसद मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता लाना होना चाहिए। साथ ही यह राष्ट्रपति ट्रंप के नजरिए के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि ईरान को अपने परमाणु हथियार बनाने की किसी भी योजना को पूरी तरह बंद करना होगा। इस बीच इस्राइल ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि वह ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए किसी भी हद तक जाएगा।

# एक्शन में आए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

## अवैध विज्ञापन के विरुद्ध कार्रवाई के दिए कड़े निर्देश, रात्रि में ही सड़कों पर उतरे अधिकारी, चलाया वृहद अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा अवैध विज्ञापन के विरुद्ध कार्यवाही करने के कड़े निर्देश टीम को दिए गए, जिसके क्रम में अवैध रूप से लगे हुए विज्ञापन के होर्डिंग तथा बैनर को हटाने की कार्यवाही टीम के द्वारा की गई अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा रात्रि में ही प्रभारी विज्ञापन डॉ. अनुज सिंह तथा टीम के साथ मिलकर बाजारों की सड़कों पर अभियान चलाया। मौके पर कवि नगर से राकेश गुप्ता तथा सिटी जोन से महेंद्र अहिरवार जोनल प्रभारी व टीम भी उपस्थित रही।



गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में रफ्तार से कार्य कर रहा है जिसके क्रम में अवैध विज्ञापन के विरुद्ध भी निगम की कार्रवाई जारी है। नगर आयुक्त के निर्देश पर निगम की टीम द्वारा रात्रि में अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में महा अभियान चलाया गया, व्यापारी वर्ग तथा जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग निगम को मिला जो की सराहनीय है।







### रोस्टर के क्रम में रात्रि में भी निगम चलाएगा अवैध होर्डिंग हटाने का अभियान : अवनींद्र कुमार

**करंट क्राइम।** अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम समय-समय पर अवैध विज्ञापन हटाने के लिए कार्यवाही कर रहा है निर्देश अनुसार कार्यवाही को रफ्तार दी गई जिसमें रात्रि में भी अवैध विज्ञापन हटाने की कार्यवाही कवि नगर तथा सिटी जोन अंतर्गत की गई, सिटी जोन में वृहद स्तर पर होर्डिंग, पोस्टर बैनर इत्यादि के विरुद्ध अभियान चलाते हुए चार ट्रैक्टर ट्राली एवं एक टिप्पर बैनर एवं किओस्क हटाये गए हैं। अभियान नवयुग मार्केट से होली चाइल्ड चौराहा, अंबेडकर मार्ग से चौधरी मोड़ होते हुए घंटाघर की तरफ से नया बस अड्डा होते हुए साइन उपवन पर समाप्त किया गया। जिसमें लगभग 120 बैनर व 200 से अधिक कियोस्क हटाए गए।

### कवि नगर तथा सिटी जोन अंतर्गत हटाए गए 500 से अधिक अवैध विज्ञापन होर्डिंग तथा बैनर

**करंट क्राइम।** कवि नगर जोन में रात्रि 9 बजे से अवैध होर्डिंग व बैनर हटाने का कार्य किया गया जिसमें 22 बड़े होर्डिंग बोर्ड, 34 छोटे बोर्ड एवं 117 कियोस्क बोर्ड हटाये गये यह अभियान कवि नगर रामलीला मैदान से आर डी सी, राज नगर, कलक्ट्ट रोड व हापुड़ चुंगी चौराहे तक अवैध वोर्ड हटाने की कार्यवाही की गई, इस प्रकार कवि नगर तथा सिटी के अंतर्गत लगभग 500 अवैध विज्ञापन बोर्ड हटाए गए, रोस्टर के क्रम में प्रतिदिन रात्रि में भी अवैध विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

# जनरल वीके सिंह द्वारा कराए गए विकास कार्यों के उद्घाटन का गाजियाबाद को है इंतजार : अजय गुप्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री वर्तमान में महामहिम मिजोरम जनरल वीके सिंह के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों के उद्घाटन का गाजियाबाद को इंतजार है। जैसे गोविंदपुरम अनाज मंडी में 45 लाख लागत द्वारा व्यापारियों की सुविधा के लिए 2 टॉयलेट के शिलान्यास का पत्थर तो जनरल वीके सिंह के नाम का लग गया है। मंडी समिति को इंतजार है, उसके उद्घाटन का। क्या पूर्व सांसद जरनल वीके सिंह आएंगे, या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शुभारंभ करेंगे।



व्यापारियों को इंतजार है। जिला गाजियाबाद में पिछले 10 साल में वीके सिंह द्वारा अनगिनत विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। क्या आगे भी विकास कार्य की परंपरा चलती रहेगी। पूर्व सांसद ने जो भी जनता से वादा किया, उसको पूरा किया।

# स्वस्थ जीवन की कुंजी है व्यायाम : वार्ड 98 में भाजपा महानगर अध्यक्ष ने किया ओपन जिम का उद्घाटन

## क्षेत्रीय पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने महानगर अध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर किया स्वागत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 में पार्षद डॉ अनिल तोमर के प्रयास से रविवार को ओपन जिम शुरू हुआ। इसका उद्घाटन भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया। उन्होंने कहा कि सभी को सेहत के प्रति जागरूक रहना चाहिए। ओपन जिम वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि व्यस्तता भरे दैनिक जीवन में अब पार्क में नागरिकों को ओपन जिम की भी सुविधा मिल सकेगी। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए हमें रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ अपने शरीर का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर रखने के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ व्यायाम भी जरूरी है। क्षेत्रीय पार्षद डॉ. मयंक तोमर ने महानगर अध्यक्ष का फूल मलाई से स्वागत किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता, मंडल प्रभारी कामेश्वर त्यागी, संदीप चौधरी, आशीष चौधरी, नितिन शर्मा, अनुज कश्यप, राम त्यागी, पुष्पेंद्र गुप्ता, पिंटू टॉम और डॉक्टर लीना तोमर, पार्षद हरीश कदाकोटी आदि लोग मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 14 में निशुल्क चिकित्सा शिविर का धर्मशिला नारायण हॉस्पिटल के सहयोग से जैन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीवी उन्मूलन कार्यक्रम की योगदान देने हेतु स्वास्थ्य मेले लगाया गया जिसमें निशुल्क कैंसर के मरीजों की जांच भी की गई। और रोगियों को विशेष रूप से निशुल्क परामर्श दिया गया। मेले में बीपी, शुगर, पीएफटी, कैंसर स्कैनिंग, पेप स्मेर, मैमोग्राफी किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल द्वारा भविष्य में लगाए इस तरह के स्वास्थ्य मेला लगाया जाएगा। जिससे रोगी अपना उपचार करा सकेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ हड्डी रोग डॉ. पीके जैन ने बताया कि भविष्य में इस तरह के कैंप अलग-अलग गांव में लगाए जाएंगे।





मोदी के टीवी उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। डॉक्टर पी के जैन ने धर्मशिला नारायण हॉस्पिटल का सहयोग करने में धन्यवाद दिया तथा भविष्य में आगे भी सहयोग देने की अपेक्षा की। स्वास्थ्य मेले में रीति फाउंडेशन का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. ऋतु वर्मा, डॉक्टर फरहद आलम, जावेद खान, श्रीकांत, रेहान, रेहान, रिहाना शमा खान, शिवम, श्रेया, तन्नू, रानी, रूबी, सोनी, आशा, मीना आदि लोग मौजूद रहे।

# गौसेवा में समर्पित एक प्रेरणादायक क्षण : मयंक गोयल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** स्व. दमयंती गोयल स्मृति नंदी पार्क में एक दिव्य एवं पावन आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में गौमाताओं को हरा चारा, तरबूज, गुड़ व शक्कर अर्पित कर सेवा कार्य किया गया। यह पुण्य कार्य भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा उनकी माता स्वर्गीय दमयंती गोयल की स्मृति में किया गया। इस आयोजन का संयोजन सुरेन्द्र नागर के सुपुत्र उज्वल नागर एवं उनके साथियों द्वारा किया गया। मयंक गोयल ने भावुक होकर कहा कि यह नंदी पार्क भारतवर्ष में एक अनूठा स्थल है, जिसकी परिकल्पना मेरी माता ने परम पूज्य हिन्दू सम्राट अशोक सिंहल की प्रेरणा से की थी। आज यहाँ आकर मुझे अत्यंत ऊर्जा और आनंद की अनुभूति हुई। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं व समाजजनों से अपील की कि हमें समय-समय पर गौसेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। हमारी संस्कृति में पूर्वजों द्वारा प्रथम रोटी गौमाता के लिए निकालने की परंपरा दी गई है हमें इस संस्कार को जीवंत बनाए रखना चाहिए। गौसेवा ही सच्ची सेवा है। आइए, हम सब मिलकर इस दिव्य परंपरा को आगे बढ़ाएँ।





# इंदिरापुरम के न्यायखंड-2 आबादी में मांस की दुकान खुलने पर भड़के लोग

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्याय खंड 2 में आबादी के अंदर मांस की दुकान खोलने को लेकर मोहल्ले वाले भड़क उठे। लोगों ने आबादी में खुलेआम मांस बेचे जाने का विरोध करते हुए क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी हो ज्ञापन सौंपा है। लोगों ने आबादी के बाहर मांस बेचे जाने की मांग की है।



बताते हैं कि इंदिरापुरम के न्याय खंड 2 में अभी हाल ही में मांस की दुकान खोली जा रही है। जिसका लाइसेंस भी नहीं है। लेकिन दिक्कतों का हवाला देते हुए मोहल्ले वाले आबादी के अंदर मांस बेचे जाने के विरोध में आ गए हैं। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में लोगों ने आरोप लगाया कि मांस, हड्डियां व अन्य मलबा रास्तों पर फेंक दिया जाता जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो जाता है। इससे बच्चों व राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है।

रविवार को जब लोगों ने प्रदर्शन किया तो मौके पर पहुंचकर क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी ने लोगों को समझाया और कहा कि अबादी में मांस की दुकान नहीं खुलने दी जाएगी। प्रशासन व पुलिस से बात करके इसे बंद किया जाएगा। इस अवसर पर शिव प्रकाश त्यागी, अरुण त्यागी, हरिओम राघव, महेश शर्मा, मदन शर्मा, शमशाद, रमेश कुमार, क्यूब मलिक, सचिन राघव आदि लोग मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि स्टोरी में है 60 हजार? जिसको लेकर ही हुई थी दो भगवा चौधरियों में तकरार? सुना है एक चौधरी ने फूलों की सजावट पर करा दिया दूसरे चौधरी का बहुत ज्यादा खर्चा? जब हिसाब किया तब निकला 60 हजार का पर्चा? सुना है इसी बात पर चौधरी हो गया चौधरी से नाराज? कहा घोड़े पर मुझे ही अकेले थोडी ना सवार होना है? भाई तू भी तो कर रहा है मेरी तरह टीम में आने के प्रयास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा वार्ष्णेय को हो गया है दिव्य ज्ञान प्राप्त? आजकल वो इस ज्ञान से अभिभूत होकर कर रहे हैं ज्ञानवर्धक वाली बात? दे रहे हैं वो अपने साथियों में संदेश? कह रहे हैं अब भगवा योद्धा के संगठन में कुछ भी पाने को उत्साहित नहीं है हमारा फेस? जब थे हम बोल्ड, तब करने वालों ने करके रखी हमारी फाईल होल्ड? अब तो हम ज्यादा एक्टिव भी नहीं है? इसलिए कर ली है हमने अपनी फाईल फोल्ड?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम एक कार्यक्रम में थे मौजूद? हमें वहां पर किसी ने बताई गहरी बात? उन्होंने हमसे कहा ये जो तुम भाग रहे हो ना योद्धा के पीछे? अंदर की बात बता रहा हूं, कुछ भी नहीं आना है तुम्हारे हाथ? जो होने थे वो तय हो चुके हैं नाम? इन नामों ने खामोशी से कर लिया है अपने ठिकानों पर प्रस्थान? जिनके हाथ रहने है खाली? हम देख रहे हैं उनसे ही बजवाई जा रही है बेहिसाब वाली ताली?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में है एक मनोकामना पूरी करने वाली बिल्डिंग? सुना है यहां पर भारद्वाज जी के भाजें ने लगाई थी चुनाव वाली फिल्डिंग? पता चला है इस चुनाव में भांजे जी की नहीं बनी बात? ना जाने क्यों ये देख कर ली भारद्वाज जी ने चैन की सांस? जब हमने ली उनकी चैन से सांस लेने वाली जानकारी? तब पता चला भांजा हो गया है भगवा? जिसके पीछे छुपी है भारद्वाज जी की नाराजगी सारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक चेहरे ने खींचा हमारी ओर अपना ध्यान? कहा हमें समझ नहीं आ रहा नदिया पार के मित्तल जी आखिर क्यों कर रहे हैं भगवा योद्धा के लिए इतना काम? हमें पता है उन्होंने एक समय बीच में ही छोड़ दिया था अपना पहले वाला पद? फिर क्यों ये संगठन में अब बढ़ाना चाह रहे हैं अपना कद? कहने वाले ने कहा हो सकता है उस समय कोई जरूरी वजह रही होगी? फिलहाल अच्छा चल रहा हो उनका वक्त?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी हम भगवा कमिश्नर रावल जी का करते हैं ध्यान? तब हमें पता चलता है जिस टीम के वो है कमिश्नर? उस टीम में सब उनसे उम्रदराज हैं श्रीमान? हम सोचते हैं कि ये कैसे अपने से बड़े चेहरों को बताते होंगे और कराते होंगे उनसे काम? कहने वाले ने कहा हमें पता चला है कभी-कभी काम कराने के लिए ये हो जाते हैं परेशान? फिर भी जब आयेगी निगम चुनाव की बेला? इन्हीं वरिष्ठों के दम पर मिलेगा इनको टिकट? इसलिए ये नहीं कर रहे हैं कोई बड़े पद वाला खेला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा करने गये थे इन्दिराजी वाले एरिया में जिम का उद्घाटन? सुना है उनके व्यायाम करते करते किसी ने बढ़ा दिया उनकी मशीन पर कई किलो वेट? कहने वाले ने कहा वो ना जाने जिम्मेदारियों के इससे पहले कितने वजन उठा चुके हैं? उठा तो तब भी लेते, अचानक जाना पड़ा? क्योंकि वो किसी और कार्यक्रम के लिए हो रहे थे लेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शनिवार को जनपद में थी एक हाईप्रोफाईल शादी? उसमें माननीय जी के आने का कार्यक्रम हुआ था निश्चित? मगर पता चला है इस बड़े कार्यक्रम की कार्यक्रम वाले दिन तक नहीं थी गाजियाबाद के किसी जनप्रतिनिधि को जानकारी? जब दिल्ली से घनघनाएं माननीय जी के आने को लेकर सांसद से लेकर विधायकों तक फोन? तब कार्यक्रम में जाने की भूमिका बनी सारी? कहने वाले ने कहा आखिर ऐसी क्या वजह थी जो कार्यक्रम वाले दिन ही दी गई इन सबको कार्यक्रम की जानकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भाजपा की एक सिंह पदाधिकारी की मेहनत की चर्चाएं हो रही थी काफी खास? कहने वाले कह रहे थे कि भगवा मैडम संगठन के लिए बहुत मेहनत से करती हैं काम? इनका व्यवहार करता है सबका सम्मान? शीर्ष वालों की बात सुनकर लग रहा था इस बार ये मैन टीम में पायेंगी कोई मजबूत वाला स्थान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक समय जब स्वामी जी थे गेम फिनिशर वाली पॉवर के साथ? तब उनके प्रिय भार्गव की हर कोई मानता था बात? समय बदला और बदल गया निजाम? हम देख रहे हैं तभी से भगवा भार्गव हैं कुछ चीजों को लेकर परेशान? लगाने वालों ने लगा दिया है उनके कामों पर स्टॉप? थोडी बहुत जो लेकर गये थे विधायकों के पास? वहां से भी पूरी नहीं हुई उनकी होप?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राहुल शर्मा ने संदीप पंडित के साथ अपने पारिवारिक रिश्तों का एहसास अपनी पोस्ट से कराया। उन्होंने संदीप पंडित के पोते अर्थव के नामकरण की बधाई और शुभकामनाएं दी। नन्हे अर्थव को आशीर्वाद दिया। रिश्तों का एहसास कराती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।